संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -27 गुरूवार ,28 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अडाणी मुद्दे को लेकर लोकसभा में भारी हंगामा

## » पक्ष-विपक्ष में जबरदस्त टकराव देखने को मिला

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2024(ए)।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अडाणी मुद्दे पर हंगामा किया। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। विपक्ष ने यूपी के संभल में हिंसा का मुद्दा भी उठाया। जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राहुल गांधी ने संसद के बाहर कहा कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है।दरअसल, 21 नवंबर को यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस की ओर से कहा गया था कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे।

इस पर बुधवार को अडाणी ग्रुप ने साफ किया है कि चेयरमैन गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं।

अडाणी ग्रूप के मुताबिक,कई मीडिया हाउस में चल रही खबरें गलत हैं।

उधर, प्रियंका गांधी 28 नवंबर को सांसद पद की शपथ लेंगी। वह केरल के वायनाड से सांसद हैं। बुधवार को उन्हें जीत का सर्टिफिकेट मिला।

### लोकसभा की कार्यवाही भी 28 नवंबर तक स्थगित

दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो सदन में फिर हंगामा हुआ। 10 मिनट कार्यवाही चली। बाद में स्पीकर ने पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट पर बोले केंद्रीय मंत्री- सख्त कानून बनें सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट की जांच करने के लिए कानूनों पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा, %हमारे देश और उन देशों की संस्कृति में बहुत अंतर है जहां से ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आए हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि संसद की स्थायी समिति इस मुद्दे को उठाए और इस बारे में सख्त कानून बनाए जाएं।

### खड़गे के ऑफिस में आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं की बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में आईएनडीआईए गठबंधन के फ्लोर नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे। बैठक में संसद सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई।



### राहुल बोले- अडाणी को जेल में होना चाहिए,सरकार बचा रही

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आपको लगता है कि अडाी आरोपों को स्वीकार करेंगे? जाहिर है कि वह आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि जैसा कि हमने कहा है, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सैकड़ों लोगों को छोटे-छोटे आरोपों में गिरफ्तार किया जा रहा है और सज्जन (गौतम अडाणी) पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप है, उन्हें जेल में होना चाहिए और सरकार उन्हें बचा रही है।

### लोकसभा में सिर्फ 5 मिनट तक कार्यवाही चली

लोकसभा में 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने दोपहर 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी।

### सत्र में कुल 16 बिल, 11 पर चर्चा,5 मंजूरी के लिए पेश होंगे

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है।

### वक्फ बिल पर बनी जेपीसी के सदस्यों ने मांगा और समय

वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के 29 नवंबर को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है, लेकिन यह तभी संभव है जब वह मानसून सत्र में दी गई समय सीमा का पालन करती है। जेपीसी को सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने पैनल को अपनी रिपोर्ट देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू का कहना है कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर चर्चा कार्य मंत्रणा समिति में होनी चाहिए।जेपीसी ने 22 अगस्त से लेकर अब-तक 25 बैठकें की हैं। इनमें 123 हितधारकों से सुझाव लिए गए हैं, जिनमें 6 मंत्रालय, 8 वक्फ बोर्ड और 4 अल्पसंख्यक आयोग शामिल हैं।

## देश की संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस के नए प्रमुख बने डॉ. जयतीर्थ राघवेंद्र जोशी



**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2024(ए)।** प्रसिद्ध मिसाइल वैज्ञानिक डॉ. जयतीर्थ राघवेंद्र जोशी को ब्रह्मोस एयरोस्पेस का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, डॉ. जोशी 1 दिसंबर से अपना पदभार ग्रहण करेंगे, जो विश्वस्तरीय ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाता है।डॉ. जोशी की यह नियुक्ति मिसाइल प्रौद्योगिकी में उनके गहन अनुभव और असाधारण योगदान को रेखांकित करती है। उनके नेतृत्व में,ब्रह्मोस एयरोस्पेस के रक्षा नवाचारों और क्षमताओं को नए आयाम मिलने की उम्मीद है। यह बदलाव संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### भारतीय मूल के जय भट्टाचार्य को ट्रंप ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2024(ए)।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम में भारतीय मूल के जय भट्टाचार्य को शीर्ष प्रशासनिक पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। जय भट्टाचार्य कोविड के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के विरोधी थे। ट्रंप ने उन्हें अमेरिका के मुख्य सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अगले डायरेक्टर पद के लिए लिए नामित किया है।



# महायुति में मुख्यमंत्री चयन मामले पर बनी बात



## » सीएम शिंदे ने छोड़ा सीएम पद का दावा, लेकिन रख दी ये शर्त

**मुंबई/ठाणे,27 नवम्बर 2024 (ए)।** महाराष्ट्र में महायुति की बंपर जीत के बाद बुधवार को सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री की कुर्सी से दावा छोड़ दिया है। ठाणे में एक प्रेस कांफ्रेंस में शिंदे ने ऐलान किया है एनडीए के शीर्ष नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो फैसला लेंगे वो उन्हें और उनकी पार्टी को मंजूर होगा।

सीएम शिंदे ने खुद को महाराष्ट्र का लाडला भाई बताते हुए कहा कि उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को आश्वस्त किया है कि शिवसेना की वजह से सरकार बनने में कोई बाधा नहीं आएगी। शिंदे के सीएम की कुर्सी पर दावा छोड़ने के बाद अब देवेंद्र फडणवीस की वापसी तय मानी जा रही है।

### नई सरकार में गृह विभाग जैसे अहम विभाग की डिमांड

सूत्रों की मानें महायुति में अंदरखाने चीजें तय होने के बाद ही एकनाथ शिंदे ने प्रेस कांफ्रेंस की। संसद के सत्र के बीच दिल्ली में आज सुबह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनीत तटकरे ने अमित शाह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। शिंदे गुट के सभी सांसदों ने भी गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की।सूत्रों की मानें तो शिंदे की तरफ नई सरकार में गृह विभाग देने की मांग की गई है। महायुति 1.0 में यह विभाग डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने पास रखा था। इसके अलावा सीएम शिंदे ने कुछ और महत्वपूर्ण विभाग पार्टी को मिलने की मांग की है। फडणवीस के पास गृह के साथ कानून और न्याय के साथ जल संसाधन, कमांड एरिया डेवलपमेंट के अलावा एनर्जी और प्रोटोकॉल के विभाग थे।इतना ही अन्य शर्तें राज्य में होने वाले महानगर पालिका चुनावों से जुड़ी हैं।

# केंद्र सरकार ने यहां एनएसजी को तैनात करने का किया फैसला

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2024(ए)।** की आतंकवाद निरोधी इकाई राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का एक स्पेशल टास्क फोर्स क्षेत्र में आतंकवादी हमलों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के मद्देनजर जम्मू में तैनात किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय के निर्देश पर आतंकवाद निरोधी इकाई बल को शहर में तैनात किया जाएगा. एनएसजी के विशेष कार्य बल को जम्मू शहर में स्थायी रूप से तैनात किया जाएगा, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति या आतंकी हमले की स्थिति में किसी भी स्थान पर पहुंच सकें. जम्मू क्षेत्र में जम्मू, डोडा, कठुआ, रामबन, रियासी, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी, उधमपुर और सांबा जिले शामिल हैं. इस साल जम्मू में होने वाले आतंकी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई, जिससे 10 में से 8 जिले प्रभावित हुए हैं. ऐसी घटनाओं में 44 लोग मारे गए, जिनमें 18 सुरक्षाकर्मी, 14 नागरिक और 13 आतंकवादी शामिल हैं. राजौरी-पुंछ बेल्ट में पिछले एक दशक में आतंकी गतिविधियों में गिरावट देखी गई थी, लेकिन यह क्षेत्र दोबारा आतंकी हमलों का केंद्र बन गया है।



# अजमेर शरीफ दरगाह को हिंदू मंदिर बताने वाली याचिका को अदालत ने स्वीकार किया

**अजमेर,27 नवम्बर 2024(ए)।** अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के पहले शिव मंदिर होने के दावा मामले में कोर्ट का बड़ा आदेश दिया है। सिविल कोर्ट (वेस्ट) ने ऐसा दावा करती याचिका को स्वीकार कर लिया है। यानि कोर्ट ने इस केस को सुनवाई लायक मान लिया है। इस मामले में दरगाह का एएसआई सर्वे कराए जाने की मांग की गई है, ताकि सबूत जुटाकर पता लगाया जा सके कि अजमेर दरगाह पहले शिव मंदिर थी। कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के बाद नोटिस के निर्देश जारी किए।. संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के आदेश के बाद वहां हुई हिंसा के बाद अब अजमेर दरगाह के सर्वे को लेकर आया ये आदेश काफी अहमियत रखता है.। कोर्ट के आदेश के अनुसार, अजमेर दरगाह कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग और एएसआई को नोटिस जारी किए जाएंगे। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने वकील रामनिवास बिश्नोई और ईश्वर सिंह के मार्फत कोर्ट में वाद दायर किया था. दरअसल, अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह को संकट मोचन शिव मंदिर होने का दावा मामले में आज अजमेर सिविल कोर्ट वेस्ट में बहस की गई।. कोर्ट में बहस के दौरान भगवान शिव के बाल स्वरूप की तरफ से वकील रामस्वरूप बिश्नोई ओर ईश्वर सिंह की ओर से बहस की गई।. इसमें कहा गया कि दरगाह से पहले यहां शिव मंदिर था, जिसके कई साक्ष्य दस्तावेज के रूप में कोर्ट के सामने पेश किए गए।





### आपदा न्यूनीकरण परियोजनाओं के लिए 1,000 करोड़ के खर्च को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2024(ए)।** केंद्र सरकार ने 15 राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1,000 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए 139-139 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ रुपये, कर्नाटक और केरल के लिए 72-72 करोड़ रुपये, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए 50-50 करोड़ रुपये और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के लिए 378 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई।

# मारा गया 15 लाख का इनामी नक्सली कमांडर छोटू

**लातेहार,27 नवम्बर 2024(ए)।** झारखंड के लातेहार में 15 लाख रुपए के इनामी माओवादी नक्सली कमांडर छोटू खरवार की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि छोटू लातेहार के नावाडीह इलाके में मंगलवार की रात नक्सलियों के बीच वर्चस्व की जंग में मारा गया है। लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला सहित कई जिलों में छोटू लंबे समय से आतंक का पर्याय बना हुआ था। वह 100 से भी अधिक वारदातों में वांटेड था। पुलिस ने उसकी लाश बरामद कर ली है। झारखंड पुलिस ने उसपर जहां 15 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था, वहीं नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी एनआईए ने भी उसे मोस्ट वांटेड नक्सलियों की सूची रखते हुए तीन लाख के इनाम की घोषणा की थी। छोटू खरवार लातेहार के छिपादोहर सिकिद गांव का रहने वाला था। वह भाकपा माओवादी संगठन की रीजनल कमेटी का मेंबर था और संगठन में सुजीत जी के नाम से भी जाना जाता था। अगस्त में उसके घर पर पुलिस ने पोस्टर चिपकाया था और उसे 30 दिन के अंदर न्यायालय में पेश होने को कहा गया था। झारखंड में नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ बूढ़ापहाड़ में पिछले साल जब सुरक्षा बलों और पुलिस ने ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था, तो वहां से कई नक्सली भाग खड़े हुए थे। छोटू खरवार भी इन्हीं में एक था। वह कोयल और शंख जोन में संगठन के विस्तार में जुटा था।



# पेशाबकांड के पीड़ित की हत्या

## » शव कंधे पर लादकर ले गया आरोपी, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद...



**मेरठ,27 नवम्बर 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में पेशाब कांड के पीड़ित की हत्या का मामला सामने आया है। युवक को घर से पार्टी के बहाने बुलाया गया था, जिसके बाद परिजनों को उसका शव मिला। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी युवक के शव को कंधे पर लादकर अस्पताल ले जा रहा है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।पूरा मामला मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस का है। इस गेस्ट हाउस में सोमवार को एक पार्टी चल रही थी। इसी होटल के बाहर का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। तलाशी के दौरान पुलिस को होटल के कमरे से शराब की कुछ बोतलें और खाने-पीने का समान मिला है।पुलिस आस-पास में लगे सारे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं, साथ ही पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवकों से पूछताछ कर रही है। वहीं युवक के परिनजों का आरोप है कि जिन लड़कों ने एक साल पहले बेटे को सरेआम पीटा और यूरिन पिलाया था, उन्हीं लड़कों ने उसकी हत्या की है।

# फिर तबाही मचाने आ रहा चक्रवाती तूफान

**चेन्नई,27 नवम्बर 2024(ए)।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र बुधवार रात तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा, जिससे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल आदि राज्यों में भारी बारिश होगी। पुडुचेरी, रायलसीमा में भी भारी बारिश का कहर देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग ने चेताया है कि तटीय तमिलनाडु, पुडुचेरी में 27 नवंबर, तटीय तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में 28-30 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होने वाली है। ऐसे में यहां रहने वाले लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। इस चक्रवाती तूफान को फेंगल के नाम से जाना जाएगा और अब यह और करीब पहुंच गया है। तमिलनाडु के चेन्नई से बुधवार सुबह फेंगल 530 किलोमीटर की दूरी पर था। मौसम विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार दोपहर लिखा, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव पिछले छह घंटों के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा है आज (27 नवंबर 2024) को सुबह 11: 30 बजे त्रिंकोमाली से लगभग 110 किमी पूर्व, नागपट्टिनम से 350 किमी दक्षिण-पूर्व और पुडुचेरी से 450 किमी दक्षिण-पूर्व और चेन्नई से 530 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। इसके उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखने और अगले 6 घंटों के दौरान एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। इसके बाद, यह अगले 2 दिनों के दौरान श्रीलंका तट को घेरते हुए तमिलनाडु तट की ओर से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ेगा। चक्रवाती तूफान की वजह से तमिलनाडु और पुडुचेरी में 27 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होगी, जबकि 28-30 नवंबर को और बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तटीय आंध्र प्रदेश में 27 नवंबर को हल्की से मध्यम बारिश होने वाली है, जबकि 28 और 30 नवंबर को बहुत भारी बारिश होगी। वहीं, रायलसीमा की बात करें तो यहां भी 28-30 नवंबर और केरल में 30 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तूफान की वजह से आने वाले दिनों में दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में तेज हवाएं चलेंगी। यह हवाएं 75 से 85 किमी तक पहुंच सकती हैं।



## संपादकीय

# स्मॉग का खतरनाक रूप

भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई इलाकों में स्माग ने खतरनाक रूप अपना रखा है। अब यह हर साल की कहानी हो गई है- इस सीजन में धुंध और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से बना स्मॉग वातावरण पर छा जाता है।जब यह हो जाता (या होने लगता) है, तब सरकारें और न्यायपालिका सब सक्रिय होती हैं। जब माहौल गुजर जाता है, तो सब भूल जाते हैं। इस सीजन में खासकर पंजाब के किसानों को खूब कोसा जाता है।उनके पराली जलाने को राजधानी वासियों की मुसीबत का मुख्य कारण बताकर समस्या की असल वजहों को चर्चा से बाहर रखने में कामयाबी पा ली जाती है।मगर अजरबैजान के बाकू में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी दो रिपोर्टों पर ध्यान दीजिए। एक रिपोर्ट ग्लोबल कार्बन बजट प्रोजेक्ट नाम की संस्था है और दूसरी अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) की।दोनों में शामिल आंकड़ों का निष्कर्ष है कि भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। चीन में वृद्धि महज 0.2 प्रतिशत रहेगी, जबकि अमेरिका में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पूरे विश्व के उत्सर्जन में 1.1 फीसदी बढ़ोतरी होगी।सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत और चीन में 4.5 प्रतिशत रहेगी। भारत में इस साल पेट्रोलियम की मांग 280 प्रतिशत बढने का अनुमान है। चीन के लिए यह आंकड़ा 90 प्रतिशत और अमेरिका के लिए 40 प्रतिशत है।तात्पर्य यह कि भारत में जलवायु का बिना कोई ख्याल किए कार्बन उत्सर्जन को अनियंत्रित बनाए रखा जा रहा है। पिछले दस साल में पर्यावरण मानदंडों के पालन संबंधी नियमों में जिस तेजी से ढील दी गई है, उस पर गौर करें, तो ये बात और साफ हो जाती है।स्पष्टतः अपने देश में यह समझ बनाने का कोई प्रयास नहीं है कि पर्यावरण रक्षा अपने लिए है, ना कि यह दुनिया पर कोई एहसान है।

# विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि अधिक विनाशक

निरंतर अधिक विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि के कारण हिंसा की प्रवृत्तियां अधिक विनाशक रूप ले रही हैं। छोटे-बड़े विभिन्न तरह के विनाशकारी हथियारों के तेज प्रसार में विश्व के हथियार उद्योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।यह एक मोटे मुनाफे का उद्योग है जिसमें भ्रष्टाचार या अन्य उपायों से राजनीति को प्रभावित करने की भारी क्षमता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने विभिन्न उद्योगों की इस आधार पर रैंकिंग की थी कि सबसे अधिक रित कौन सा उद्योग देता है। इसमें हथियार उद्योग को दूसरा स्थान मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा जनरल एकाउंटिंग ऑफिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व के सब तरह के व्यापार में 50 प्रतिशत रित देने के मामले हथियार के व्यापार से जुड़े होते हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट ने अनुमान प्रस्तुत किया है कि जितने मूल्य का सौदा होता है, उसका कम से कम 10 प्रतिशत तो रित में जाता है। यह 10 प्रतिशत भी अरबों डॉलर का मामला है।हथियारों की बिक्री से जुड़े भ्रष्टाचार की बड़ी राशि प्रायः चोरी-छिपे विदेशी खातों में जमा की जाती थी, पर इसका खुलासा हो जाने के डर के कारण अब इसमें बदलाव आ रहा है, और ऐसे उपाय खोजे गए हैं, जिनसे इस भ्रष्टाचार को दबाना और सुनिश्चित हो सके। टैंक, बड़ी तोपों, लड़ाकू जहाज, पनडुब्बी आदि के कारोबार में बहुत साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां लगी हैं, जिनकी पहुंच सीधी सत्ता के गलियारों में है। ये कंपनियां सत्ताधारियों को इस तरह प्रभावित करती हैं कि अरबों डॉलर के उनके सौदे होते रहें, फिर चाहे इस कारण विश्व का वर्तमान और भविष्य अत्यधिक असुरक्षित ही क्यों न हो जाए। इन कंपनियों और इनके दलालों के असर के कारण निशस्त्रीकरण के वे प्रयास आगे नहीं बढ़ पाते हैं जिनकी विश्व को बहुत जरूरत है। विश्व के अधिकांश जनसाधारण एक दूसरे से अमन-शांति से रह सकते हैं, पर हथियारों से जुड़े निहित स्वार्थ और इनके गठजोड़ के राजनीतिज्ञ ऐसी असुरक्षा फैलाते हैं कि जिसमें महंगे हथियार बहुत जरूरी प्रतीत होते हैं।विश्व के सबसे विनाशकारी हथियारों को नियंत्रित करने के अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढने के स्थान पर पीछे जा रहे हैं यानी इनका असर पहले से और कम हो रहा है। दूसरी ओर, तरह-तरह के छोटे और हल्के हथियारों में भी ऐसे तकनीकी बदलाव आते रहे हैं जिनसे इनकी विनाशक क्षमता बढ़ जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई हिंसा एवं स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट' के अनुसार, अधिक गोलियों की अधिक तेजी से, अधिक शीघ्रता से और अधिक दूरी तक फायर करने की क्षमता बढ़ी है, और इसके साथ ही इन हथियारों की विनाशकता भी बढ़ी है। एके-47 में तीन सेकंड से भी कम समय में 30 राउंड फायर करने की क्षमता है, और प्रत्येक गोली एक किमी. से भी अधिक की दूरी तक जानलेवा हो सकती है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी भी अन्य हथियार की अपेक्षा छोटे हथियार अधिक लोगों को मारने, घायल करने, विस्थापित करने, उत्पीड़ित करने, अगवा करने और रेप करने के लिए उपयोग होते हैं..इस समय विश्व में लगभग 64 करोड़ छोटे हथियार हैं। लगभग 60 प्रतिशत छोटे हथियार सैन्य और पुलिस दलों से बाहर के क्षेत्र में हैं। केवल सेनाओं के उपयोग के लिए एक वर्ष में 14 अरब गोलियों का उत्पादन किया जाता है-यानी विश्व की कुल आबादी की दोगुनी गोलियों का उत्पादन। अधिक विध्वंसक हथियारों की उपलब्धि ऐसे दौर में बढ़ रही है जब कई कारणों से हिंसक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। इस तरह एक ओर अधिक खतरनाक हथियारों की मांग बढ़ रही है तो दूसरी ओर उनके अधिक वास्तविक उपयोग और इस कारण होने वाले विनाश की आशंका भी बढ़ रही है। हथियारों पर होने वाले बढ़ते खर्च के कारण अनेक देशों में लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की क्षमता कम होती है। अरबों डॉलर के हथियारों के सौदे होते हैं जबकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा साफ पेयजल तक से वंचित रह जाता है या कुपोषण से पीड़ित होता है। दुनिया में विभिन्न स्तरों पर निशस्त्रीकरण के अभियान को तेज करने की जरूरत है ताकि हथियारों और गोला-बारूद की मांग, उत्पादन, उपलब्धि और वास्तविक उपयोग विभिन्न स्तरों पर काम हो सके। विश्व स्तर पर खतरनाक हथियार के विरुद्ध अनेक अभियान हाल के वर्षों में सक्रिय रहे हैं। ऐसे कुछ अभियानों के प्रयासों से विश्व स्तर पर कुछ खतरनाक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले समझौते भी हुए हैं।बारूदी सुरंग या लैंडमाइंस बहुत खतरनाक हथियार हैं, जिनके कारण बहुत से निदरेष लोग बहुत दर्दनाक ढंग से घायल होते हैं, और कई बार जीवन भर के लिए अपंगता भी उन्हें सहनी पड़ती है। किसी युद्ध के समाप्त होने के समय बाद भी कई वर्ष तक युद्ध के दौरान बिछाई गई बारूदी सुरंगों के शिकार बच्चों सहित आसपास के अनेक लोग होते रहते हैं। बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है। अधिकांश देशों ने इसे स्वीकार किया है, पर कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की स्वीकृति मिलनी अभी शेष है। इसके अतिरिक्त कई हिंसक समूह भी अभी तक बारूदी सुरंगों का प्रयोग कर रहे हैं। क्लस्टर बम बहुत खतरनाक हथियार है जिसमें एक ही बड़े बम से बहुत छोटे-छोटे बम दूर-दूर बिखर जाते हैं। ये छोटे बम कुछ तुरंत फटते हैं और कुछ बाद में तथा बहुत दर्दनाक ढंग से घायल करते हैं या मारते हैं। विशेषकर बच्चे बहुत समय तक दर्दनाक ढंग से इनका शिकार होते रहे हैं। क्लस्टर बमों के विरुद्ध भी एक बड़ा अभियान विश्व स्तर पर चला। फलस्वरूप इन्हें प्रतिबंधित करने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ। यह भी एक महत्त्वपूर्ण सफलता है पर अभी कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की इसके लिए स्वीकृति मिलनी शेष है। ब्लाइंडिंग लेसर या अंधापन उत्पन्न करने वाले लेसर पर प्रतिबंध के लिए भी एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है।अब जो आगे सबसे बड़ी चुनौती है वह रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग की है। रोबोट के सैन्य उपयोग से बहुत गंभीर खतरे जुड़े हैं जिनमें से एक यह भी है कि ऐसे हथियार नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं तथा जो नियोजित हैं, उनसे कहीं अधिक विध्वंस कर सकते हैं। रोबोट आ जाने से बहुत खतरनाक हद तक युद्ध स्वचालित मशीनों के नियंत्रण में जा सकता है। युद्ध से जुड़ा विनाश और अनिश्चय बहुत तेजी से बढ़ सकता है। स्टीफेन हॉकिन्स जैसे विश्व के अनेक जाने-माने वैज्ञानिकों ने रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग के विरुद्ध बयान जारी कर इन पर प्रतिबंध की मांग की। इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानलेवा रोबोट को रोकने का अभियान' सक्रिय है। इस तरह के अभियानों से अधिक लोग जुड़ें तो विश्व में इन अधिक खतरनाक हथियारों को रोकने में सफलता मिलेगी। यह बड़ी जरूरत बन गया है क्योंकि उभरते हुए नये तनावों के कारण विश्व में कई स्तरों पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है। वैसे तो युद्ध की आशंका को ही न्यूनतम करने के बुनियादी प्रयास होने चाहिए पर इसके साथ ही अधिक खतरनाक हथियारों के प्रसार को भी रोकना जरूरी है ताकि कहीं युद्ध हो भी तो उसे अधिक विनाशकारी होने से रोका जा सके। सबसे बड़ी और कठिन चुनौती तो परमाणु हथियार के प्रसार और संभावित उपयोग को रोकने की है।



-भारत डोगरा-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अराजकता फैलाने की बातें मतदाताओं को पसंद नही



आज़ाद भारत के इतिहास में तेईस नबंवर की तारीख़ कई मायने में बेहद अहम है। कल तक जिस भाजपा के खिलाफ राजनीतिक दलों और उनके रहनुमाओं ने मुसलमानों को जो डर दिखा कर एकजुट रक्खा था उसी फार्मूले से भाजपा ने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपने हक़ में खड़ा करने का करिश्मा कर डाला है।'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'जो इस के साथ ही वक्फ़ बोर्ड के असीमित अधिकारों को लेकर जेपीसी की बैठकों में जिस तरह के विवाद और एक किसिम की हुल्लड़बाजी की खबरें और बयानबाजी हुई उसने भाजपा की राह महाराष्ट्र में आसान कर दी। आगे इस मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के व्यवहार पर देश के जनमानस की पैनी नज़र रहेगी।बहरहाल बहुसंख्यक वर्ग को भाजपा से अधिक विपक्ष के रवैए ने यह समझाने में सहयोग किया कि अल्पसंख्यक की भाँति एक नहीं हुए तो तुम्हारे हितों को काट कर उनको दिया जाएगा जो एकमुश्त वोट करते हैं । विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है।नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । दो सौ अठ्ठासी सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने दो सो तीस विधायकों की जीत के साथ जो धमाका किया उसकी गूंज देर तक और बहुत दूर तक सुनाई देगी । लेकिन दूसरी तरफ़ झारखंड राज्य ने हेमंत सोरेन वाले इंडी ब्लाक को एक तरफा बहुमत देकर विपक्ष के दिए की लौ को भी ठंडी नही होने दिया ।इसलिए देश के चतुर सुजान मतदाताओं को साष्टांग दण्डवत प्रणामज्क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में दो सौ चालीस सीट पर भाजपा के अश्वमेघ यज्ञ को रोक कर नियंत्रित और नियोजित होने का निर्देश देता है तो दो सौ बहत्तर के स्थान पर केवल निन्यानवे सीटें जिताकर क़ायदे में रहने की नसीहत देता है । इसके बाद भी जब एनडीए के बहुमत वाली मोदी सरकार गिराने की धमकी देकर बांग्लादेश जैसी अराजकता फैलाने की बातें करने वाली कांग्रेस और उनके साथियों का कई राज्यों में बोरिया बिस्तर बांध कर साफ़ कर दिया है कि मतदाताओं को यह पसंद नही है।खैर , राज्यों के चुनावी नतीजों पर आते हैं-महाराष्ट्र में अट्ठत्तर विधायकों वाला जो अगाड़ी गठबंधन फिर से सरकार बनाने का दावा कर रहा था उसके मात्र अड़तालीस प्रत्याशी ही विधायक बन पाए । जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना से और एनसीपी से अजीत पवार की बगावत के पहले उद्दव ठाकरे के नेतृत्व में महा अगाड़ी गठबंधन सरकार चला रहा था।यूपी और राजस्थान में उप चुनाव में भाजपा को पहले से ज्यादा कामयाबी देकर लोकसभा चुनाव में जो झटका दिया था उस पर मरहम लगाने का काम मतदाता माइबाप ने कर दिया है।

-राघवेन्द्र सिंह-

# रोटी कपड़ा मकान से ऊपर वो



निखिल रस्तोगी
लखनऊ उत्तरप्रदेश

हमारे जीवन में किसी समय रोटी कपड़ा और मकान बहुत अहमियत रखता था। हालांकि, आज भी इन जरूरतों का महत्व है। लेकिन कितना यह सोचने वाली बात है। वह इसलिए क्योंकि इन जरूरतों से ज्यादा, आज एक ऐसी चीज मायने रख रही है, जिसके बीना इंसान अपनी कल्पना भी नहीं करना चाहता है। एक समय तो वह रोटी, कपड़े और छत के बीना रह सकता है, लेकिन इस जरूरत के बीना बिल्कुल भी नहीं। दरअसल, यह जरुरत और कुछ नहीं बल्कि इंटरनेट है। वह इंटरनेट जिसको मानवजाति द्वारा विकसित किया गया और एक सबसे बेहतरीन इन्वेंशन के रूप में माना जाता है।

अब सोचने वाली बात है कि कैसे और कब इंटरनेट हमारी जरूरत बना और क्यों आज यह एक चिंता का विषय बन गया है? कई विद्वानों ने इस प्रश्न पर अपने विचार साझा किए, जिसका समावेश इसके विस्तार से जुड़ा है। दरअसल, सन् 1990 की शुरुआत में जहां दुनिया के अधिकांश देश साम्यवाद से पूंजीवाद पर पलायन कर रहे थे। तब इंटरनेट का विस्तार एक सीमित सीमा से हटकर बाकी देशों में हुआ। इन देशों में ज्यादातर देश विकासशील देश थे, जिन्होंने इसे अपने विकास के लिए अहम माना। लेकिन कभी भी इन देशों ने यह नहीं सोचा था कि यही इंटरनेट आगे चलकर उनके गले कि फांस बन जाएगा। दरअसल, आज इंटरनेट अपने विकास के साथ कई संकटों को आमंत्रित कर रहा है। हालांकि, विकसित देश भी इंटरनेट के दुष्प्रभावों से जूझ रहे हैं। लेकिन, सशक्त नीतियों कि मौजूदगी में वह इन दुष्प्रभावों से अपना बचाव बाखूबी कर रहे हैं, जिसका बाकी विकासशील देशों में अभी भी अभाव है। यहां यही अंतर समझाता है कि कैसे




विकसित देशों से ज्यादा विकासशील देश एक गंभीर स्थिति में है। खैर, यह एक अलग चर्चा का विषय है।

आज, जहां इंटरनेट मानवजाति को रिवायतें देता है, वहीं दूसरी तरफ वह उनके मन, मस्तिष्क तथा उनके शरीर को हानी पहुंचा रहा है। सायबर धोखाधड़ी से लेकर सायबर बुलीइंग जैसे गंभीर अपराध इंटरनेट के कारण पनप रहे हैं। डार्क वेब संचालित हो रहा हैं, जहां आपराधिक और अनैतिक गतिविधियां अंजाम दे रही है। अश्लील कंटेंट्स का प्रसारण हो रहा है, जिससे यौन संबंधित आपराधिक गतिविधियों को बल मिला है। ऐसे कई और भी चीजें है, जिनकी उपज इंटरनेट से हुई और हो रही है। इंटरनेट आज हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बना चुका है। इसके बिना काम-काज और जिंदगी जीना अब मुश्किल है। दिन प्रतिदिन इंटरनेट यूजर्स की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। आंकड़ों की मानें तो 2023 के अंत तक दुनिया की कुल आबादी में से 460 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे थे, जिसके आने वाले समय में प्रस्तुत संख्या से चार गुना बढ़ने का अनुमान हैं। इसी कड़ी में देश जैसे चीन और भारत में सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स है। जहां चीन में हर चार में से तीन व्यक्ति इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं, वहीं भारत इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का दूसरा सबसे बड़ा देश है।आज हम तकनीकी क्षेत्रों में विकसित हो रहे हैं और इंटरनेट का विकास भी, इस कड़ी में हो रहा है। इसके कारणों कि बहुतायत है। जैसे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, जिससे इंटरनेट अछूता नहीं रहा है। दरअसल, यूजर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए इंटरनेट को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से इंटिग्रेट किया जा रहा है। खासकर, इंटरनेट नेटवर्किंग साइट्स पर जहां एआई का उपयोग चैटबोट के निमार्ण और उसे बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है, जोकि हुबहु इंसानी प्रतिक्रियाएं देता है। इसके अलावा, युजर्स की पसंद और नापसंद को जानने के लिए भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया जा रहा है। यहां डीप लर्निंग मुख्य किरदार अदा करता है, जो मशीन लर्निंग की एक उपश्रेणी है। दरअसल, यह डेटा में पैटर्न, शोर और भ्रम के स्रोतों को समझ सकता है, जो इसे एआई को मानव मस्तिष्क के तंत्रिका नेटवर्क की नकल करने की क्षमता प्रदान करता है।

कुलमिलाकर, कहा जाएं तो इंटरनेट आय दिन बेहतर हो रहा है और यही बात उसे लुभाने वाली बना रही है। कुछ मिनटों में आप अपना काम लेते हैं। लिखने से लेकर पढ़ने तक के सारे काम आप इंटरनेट कि मदद से आसानी से कर लेते हैं। यह सारी बातें यहां समझाने के लिए काफी है कि क्यों इंसान दिन प्रतिदिन इंटरनेट कि गर्द में गिरता जा रहा है। इंटरनेट एक माया के समान है, जो इंसान को उसे अपनाने को लुभाता है। उसे अपने अधीन कर उसकी मानसिक और शारीरिक क्षमताओं को कम करता है। हालांकि, यहां इंटरनेट बाकी मूलभूत जरूरतों के समान हमारे जीवन को सुगम भी बनाता है। लेकिन, किस क़ीमत पर, यह समझने वाली बात है। हम इंटरनेट के प्रयोग से क्या हासिल करते हैं और क्या खोते हैं, इसका बोध होना आवश्यक है। यह जानना जरूरी है कि कैसे इंटरनेट को ज्यादा से ज्यादा अपने लिए उपयोगी बनाया जा सकता है। इसके साथ एक सजग उपयोगकर्ता बनने कि भी जरूरत है, जिससे इसके दुष्प्रभावों से बचा जा सके। किसी भी प्रौद्योगिकी विकास के दो पहलू होते हैं, पहला जो हमें सक्षम बनाता है और दूसरा जो हमें अक्षम बनाता है। आख़िर में यह हमें तय करना होता हैं कि हम किस रास्ते पर अग्रसर होते है। यह सारी बातें ध्यान में रख, उसपर अमल कर, हम सही दिशा कि ओर बढ़ सकतें है। यहां इंटरनेट के उपयोग पर भी यह बात लागू होती है। ÷थकाने वालें श्रम को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई थी, यह अब तुच्छ सुविधाओं के लिए समर्पित है।÷ बी.एफ. स्किनर, द्वारा कहा गया यह कथन, क्या हमारी करनी से मेल तो नहीं खा रहा है? यही हमें इंटरनेट का प्रयोग करते समय ध्यान रखने कि आवश्यकता है। समाधान भी यही और हमारी भलाई भी इसी में है।



## कविता
## पुकार



घटती-घटना
राजेन्द्र लहिरी
पामगढ़ छत्तीसगढ़




अच्छा बताओ कब कब और किसने सुना है
वंचितों हाशिये में पड़े लोगों की पुकार,
जिन्हें सर्वशक्तिमान मानते आए हैं
वो भी नहीं सुन पाता सिसक व चीत्कार,
वे किसी पर भी विश्वास कर
कर लेते हैं आंख मूंद भरोसा,
जिन्हें आसमान से लेकर धरती तक
मिला है सिर्फ और सिर्फ धोखा,
आज भी नहीं कोई ध्यान दे रहा,
हर वक्त इनकी फिरकी ले रहा,
व्यवस्था में भागीदार न होने वाला
हमेशा सिसकता और तड़पता है,
जिम्मेदार उल्टा उसी पर भड़कता है,
जबकि व्यवस्था वालों की
जिम्मेदारी है सब पर ध्यान देना,
टटोल टटोल कर उनकी
सारी समस्याएं जान लेना,
पर मद में चूर कहां आवाज सुन पाता है,
ज्यादा जोर दे मजलूम अपनी जान गंवाता है,
बात पहुंच पाती है वहां प्रभाव वालों का,
जो प्रतीक बने घूम रहे धवल उजालों का,
कोई कहता है खुद को खुदा देकर मुट्ठी भर अन्न,
अपनी कोठी भर रहा यहां केवल संपन्न,
ये सब सोच लिए कि जिस दिन
संगठित रहना है उचित, रहने से बेकार,
उस दिन इन्हें भी नहीं लगाना पड़ेगा
किसी पत्थर और पत्थरदिल से पुकार।

# भारतीय चुनावों में महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या

लोकलुभावनवाद भारतीय राजनीति का एक अहम मंत्र है। ऐसा लगता है कि महिला मतदाता, बदले में, लोकलुभावन राजनीति की धुरी बनकर उभर रही हैं। महाराष्ट्र में महायुति की जीत का श्रेय महिला मतदाताओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना, मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना को दिया जा रहा है। लोकनीति-सीएसडीएस सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि महायुति गठबंधन को न केवल बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने पसंद किया, बल्कि उन महिलाओं ने भी पसंद किया जिन्होंने इस योजना के लिए आवेदन किया था। झारखंड की मैया सम्मान योजना ने भी हेमंत सोरेन की पार्टी को आसानी से जीत दिलाने में मदद की। बंगाल, जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस खुद को बहुत अधिक महत्व देती रही है, ने इस मामले में रास्ता दिखाया है, जहां लक्ष्मी भंडार अपनी शुरुआत से ही गेम-चेंजर के रूप में उभर रहा है। राजनीतिक दलों की ओर से महिला मतदाताओं के लिए चिंता परोपकारी नहीं है। यह जनसांख्यिकीय परिवर्तनों द्वारा आकार लेने वाले चतुर राजनीतिक गणित पर आधारित है। उदाहरण के लिए, महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि ने पार्टियों को महिलाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आश्चर्यजनक रूप से, हस्तांतरण के रूप में वादा की गई राशि - मूल्य वृद्धि और मुद्रास्फीति को देखते हुए एक छोटी राशि - महिलाओं को गुजारा करने में मदद करने के लिए शायद ही कभी पर्याप्त होती है। क्या यह अंतर्निहित कृपालुता की संस्कृति का संकेत नहीं है? लाभार्थियों - महिलाओं - से आर्थिक उदारता के बदले में लाइन में आने की उम्मीद की जाती है जो पर्याप्त नहीं है। वास्तव में, इस तरह के राजनीतिक लोकलुभावनवाद को प्रतिगामी के रूप में देखने का एक कारण है क्योंकि यह महिला मतदाताओं की सार्थक मुक्ति - भौतिक रूप से या अन्यथा - से असंबंधित है। महिला मतदाताओं को लक्षित करने वाले चुनावी लाभों में वृद्धि के साथ-साथ राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उपाय नहीं किए गए हैं। संख्याएँ कहानी बयां करती हैं। लोकसभा में केवल 13.6त्न सांसद महिलाएँ हैं। चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि राजनीतिक दलों में महिलाओं की उम्मीदवारी में उछाल से मेल नहीं खाती है। शायद इस दोहरेपन का सबसे अच्छा उदाहरण महिला आरक्षण विधेयक का भाग्य है- हालांकि यह संसद में पारित हो चुका है, लेकिन इसे लागू होने के लिए अगली जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार करना होगा। इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अप्रैल 2024 तक, राष्ट्रीय संसदों के लिए एक वैश्विक संगठन, अंतर-संसदीय संघ द्वारा प्रकाशित 'राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं की मासिक रैंकिंग' में भारत 144वें स्थान पर था।



-त्रिवेणी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# एसीबी ने पटवारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष 12 हजार रिश्वत लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

राजपुर तहसील अंतर्गत हल्का नंबर 17 ओकरा व पतरापारा के पटवारी को एसीबी की टीम ने बुधवार की दोपहर ग्रामीण से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पटवारी राजपुर ब्लॉक पटवारी संघ का अध्यक्ष है। पटवारी ने जमीन की फौती चढ़ाने के बदले रिश्वत की मांग की थी। ग्रामीण उसे रिश्वत नहीं देना चाहता था, लेकिन पटवारी द्वारा काम नहीं किया जा रहा था। इस वजह से ग्रामीणस ने एसीबी अंबिकापुर से मामले की शिकायत की थी। इसके बाद प्लान बनाकर एसीबी ने उसे दबोच लिया।




बलरामपुर जिले के हल्का नंबर 17 ओकरा, पतरापारा में पटवारी पवन पांडेय पदस्थ है। वह ग्रामीणों ने जमीन की फौती चढ़ाने समेत अन्य काम के बदले रिश्वत लेता था। उसने हल्का के ही युवक अजय पावले से भी फौती व नामांतरण चढ़ाने के बदले 12 हजार रुपए की मांग की थी। इसकी शिकायत अजय पावले ने एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर की टीम से की थी। कॉल रिकॉर्ड समेत मामले को पुख्ता पाने के बाद एसीबी की टीम ने अजय पावले को केमिकल लगे 12 हजार रुपए पटवारी को रिश्वत देने के लिए दिए। बुधवार की दोपहर अजय पावले केमिकल लगे रुपए लेकर पटवारी को देने पहुंचा था। जबकि एसीबी की टीम पटवारी के आस-पास ही मौजूद थी। अजय पावले ने जैसे ही 12 हजार रुपए पटवारी पवन पांडेय को दिए, वहां मौजूद एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम रंगे हाथों पटवारी को गिरफ्तार कर राजपुर रेस्ट हाउस पहुंची। यहां उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। एसीबी की टीम उसके कार्यालय में रखे हल्का क्षेत्र के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

# पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला,आरोपी पति गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

शहर के गोधनपुर में एक युवक ने 25 नवंबर की रात को पत्नी के गले पर जानलेवा हमला कर दिया था। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वहीं मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रिमनी टोप्पो पति दिनेश बखला के साथ किराए में गोधनपुर में रहती है। 23 नवंबर को दिनेश बखला किसी महिला से फोन पर बात कर रहा था। पत्नी ने इसका विरोध किया था वह विवाद करने लगा। डर कर पत्नी पड़ोस के घर में दो दिनों तक रही। इस बीच 25 नवंबर की रात को पति शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर वह हाथ में रखे चाकू से पत्नी के गले पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। डायल 112 से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# उत्तर पुस्तिकाओं के क्रय एवं स्टॉक में 17 लाख 30 हजार रुपए गड़बड़ी का मामला

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।



संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय ...रा उत्तर पुस्तिकाओं के क्रय एवं ...टॉक में 17 लाख 30 हजार ...पए गड़बड़ी का मामला सामने ...ाया है। गड़बड़ी का आरोप ...गाते हुए बुधवार को आजाद ...वा संघ ने राज्यपाल के नाम ...ुलपति को ज्ञापन सौंपा है।

सूचना के अधिकार के तहत ...त्तर पुस्तिकाओं की खरीद और ...टॉक का विवरण मांगा गया, जिसमें ...ई अनियमितताएं सामने आई है। ...2 अप्रैल 2022 को 5 लाख मुख्य ...त्तर पुस्तिका और 17 लाख 30 ...जार उत्तर पुस्तिकाएं मंगाई गई थी। ...न उत्तर पुस्तिकाओं का कोई स्टॉक ...कॉर्ड या प्रमाणित बिल उपलब्ध नहीं कराया गया। 2022 में परीक्षाएं ऑनलाइन हुई थीं, फिर भी इतनी बड़ी मात्रा में उत्तर पुस्तिकाओं की खरीद का औचित्य स्पष्ट नहीं है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि 17 लाख 30 हजार उत्तर पुस्तिकाएं और पूरक उत्तर पुस्तिकाएं कहां उपयोग हुई। मुख्य उत्तर पुस्तिका एवं पूरक उत्तर पुस्तिका इन दस्तावेजों से साफ जाहिर होता है कि इतनी भारी मात्रा में उत्तर पुस्तिकाओं का गमन हो चुका है और विश्वविद्यालय के पास इसका कोई भी प्रमाण नहीं है।

> मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी होता है आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> डॉ. प्रेम प्रकाश,कुलपति, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय

# धान बंटवारे को लेकर हुए विवाद में युवक ने भाई व मां पर किया एसिड अटैक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

शहर से लगे ग्राम जगदीशपुर में मंगलवार की शाम को एक युवक ने अपने भाई व मां के चेहरे पर एसिड फेंक दिया। इससे दोनों का चेहरा झुलस गया है। हालांकि एसिड टाइल्स साफ करने वाला था। इस लिए विशेष नुकसान नहीं हुआ। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामले में मणिपुर पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से एफआईआर दर्ज किया है। आरोपी युवक ने अपने भाई व मां पर मारपीट का रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार संजू राजवाड़े मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर का रहने वाला है। मंगलवार की शाम को धान बंटावरे को लेकर इसका विवाद मां शिमला बाई व भाई विजय रावाड़े से हो गई। दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। इस दौरान गुस्से में संजू राजवाड़े ने घर के उपयोग के लिए रखे टाइल्स सफ करने का एसिड मां व भाई के चेहरे पर फेंक दिया। इससे दोनों का चेहरा झुलस गया। हालांकि टाइल्स सफ करने की एसिड होने के कारण जख्म गहरा नहीं हो सका। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल





कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामले में विजय राजवाड़े ने अपने भाई संजू राजवाड़े के खिलाफ मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने एसीड अटैक की धारा 124 (1) व मारपीट की धारा 296, 351 व 115 के तहत अपराध दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष की ओर से संजू राजवाड़े ने अपने भाई विजय राजवाड़े व मां शिमला बाई के खिलाफ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। मारपीट किए जाने से संजू के सिर में चोट आई है। संजू की रिपोर्ट पुलिस ने आरोपी विजय राजवाड़े व मां शिमला बाई के खिलाफ धारा 296, 351 व 115 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# गुणवत्ता विहीन सीसी सड़क निर्माण कार्य करने का लगा आरोप एसडीओ ने कहा जांच की जाएगी

- संवाददाता -
लखनपुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।





लखनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र ...के ग्राम लटोरी में 15 वित्त मद से ...सरपंच सचिव के द्वारा गुणवत्ता ...विहीन सीसी सड़क निर्माण कार्य ...कराया जाने का आरोप ग्रामीणों के ...द्वारा लगाया जा रहा है। वहीं इस ...मामले में अधिकारियों के द्वारा ...ठीका जांच कर कार्रवाई की बात ...कहीं जा रही है। मिली जानकारी के ...मुताबिक ग्राम सरपंच सोभनाथ ...नगरिया पंचायत सचिव अरुण ...सोनवानी के द्वारा 15 वां वित मद ...से लगभग 5 लाख रुपए की लागत ...राशि से नियमों को ताक पर रख ...घटिया स्तर का सीसी सड़क का ...निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ...जिसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा विरोध कर घटिया स्तर का सीसी सड़क निर्माण किए जाने का आरोप भी लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की सीसी सड़क निर्माण कार्य से पूर्व बिना बेस के ही सीधे जीरा और 20 एमएम की गिट्टी से कही 2 इंच कहीं 4 इंच ढलाई कर सीसी सड़क निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि एस्टीमेट के आधार पर सरपंच सचिव के द्वारा सीसी सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है और काफी घटिया स्तर के निर्माण होने से जल्द ही सड़क टूट जाएगी ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है। जनपद के सब इंजीनियर से 15 व वित्त के निर्माण कार्य में एस्टीमेट बनवा टीएस करा निर्माण कार्य कर जिओ ट्रैकिंग के माध्यम से राशि आहरण कर लिया जाता है। जबकि शासन के नियमानुसार एस्टीमेट के आधार पर सीसी सड़क का निर्माण कर मूल्यांकन के बाद ही राशि का आहरण किया जाना है। परंतु नियमों को ताक पर रख सरपंच सचिव के द्वारा 15 वित्त की राशि पैसे का आहरण कर बंदर बाट किया जा रहा है।जो की जांच का विषय है।

> इस संबंध में लखनपुर जनपद पंचायत के एसडीओ परवेश राय पर चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया की 15 वां वित मद की राशि से निर्माण कार्य से पूर्व सब इंजीनियर के द्वारा एस्टीमेट तैयार किया जाता है और टी एस के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाता है परंतु सरपंच सचिव के द्वारा मूल्यांकन कराए बगैर जिओ ट्रैकिंग के माध्यम से 15 वां वित्त की राशि आहरण के कर ली जाती है। जबकि नियमानुसार मूल्यांकन के बाद ही राशि का आहरण होना है।परंतु नियमों की अनदेखी सरपंच सचिव के द्वारा की जा रही है। इंजीनियर के साथ मौका जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> एसडीओ
> परवेश राय

# जिला बदर की कार्रवाई के बावजूद घूम रहा था युवक,गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।



जिला बदर की कार्रवाई के बावजूद एक युवक लुकछिपकर शहर में घुम रहा था। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कोयले का अवैध उत्खनन कर चोरी करने के मामले में वर्ष 2022 से फरार था। पुलिस ने दोनों मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अमोल राजवाड़े लखनपुर थाना क्षेत्र के पुहपुटरा का रहने वाला है। उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद भी बिना अनुमति के जिले के अंदर अंबिकापुर में घुम रहा था। मुखबिर की सूचना पर गांधीनगन पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार आरोपी अमोल राजवाड़े वर्ष 2022 में अपने साथियों के साथ गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित रनपुरकला क्षेत्र में घुनघुट्टा नदी पर जेसीबी से अवैध कोयला खानन कर चोरी करने का भी आरोप था। यह वर्ष 2022 से फरार चल रहा था। पुलिस ने दोनों मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुभाग अधिकारी एवं कमिश्नर ने दिया जांच का आदेश

**मामला घुई रोड से पोकसरी एवं बेलजोरा से होकडोपारा सड़क निर्माण घटिया करने एवं ड्राइंग डिजाइन के विपरीत निर्माण कर शासकीय राशि का गबन करने के संबंध में...**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।


प्रधान मंत्री कार्यालय
Prime Minister's Office
Dr. D K Soni
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
[illegible]

मामला घुई रोड से पोकसरी एवं ...बेलजोरा से होकडोपारा सड़क निर्माण ...घटिया करने एवं ड्राइंग डिजाइन के विपरीत ...निर्माण करने तथा शासकीय राशि को फर्जी ...एमबी एवं अन्य दस्तावेज तैयार कर गबन ...करने के संबंध में डॉक्टर डीके सोनी ...अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता के ...द्वारा दिनांक 11/11/2024 को एक ...शिकायत आवेदन मैं दस्तावेज सहित ...आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर एवं ...प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया ...गया था जिसमें यह उल्लेख किया गया कि ...कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास ...विभाग कार्यालय के द्वारा ठेकेदार अशोक ...कुमार अग्रवाल को मुख्यमंत्री ग्राम गौरव ...पथ योजना के अंतर्गत वर्क आर्डर क्रमांक ...51 दिनांक 2/9/2023 को पैकेज नंबर ...MMGGPY-SRG-03

जिसमें 1.घुई रोड से पोकसरी एवं ...बेलजोरा से होकडोपारा मैनपाट का वर्क ...ऑर्डर जिसकी टेंडर राशि 115.62 लाख ...रुपए थी एवं उक्त ठेकेदार अशोक कुमार अग्रवाल को 16.99 प्रतिशत बिलो राशि दर से प्रदान किया गया था जो 97.79 लाख रुपए हैं जिसका एग्रीमेंट नंबर 18-MMGGPY/2023-24 दिनांक 2/9/2023 तथा उक्त कार्य को पूर्ण काटने की अवधि वर्षा ऋतु को सम्मिलित कर 6 महीने की है।

उपरोक्त दोनों कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास विभाग संभाग CGRRDA अंबिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा प्रमाण पत्र क्रमांक 1362/SAC/CGRRDA/2024

दिनांक 12/3/2024 को प्रदान की गई है संबंधित ठेकेदार के द्वारा उपरोक्त कार्यों में भारी अनियमितताएं की गई है एवं बिना कार्य पूर्ण किए ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया जो कि मौका स्थान पर जाकर प्रमाणित है।

उपरोक्त पैकेज के निर्माण कार्यों में ठेकेदार के द्वारा संबंधित अधिकारीयों को प्रभावित करके उनके साथ सांठगांठ कर फर्जी एमबी बनाकर कार्य का लेख किया गया है तथा स्टीमेट तथा ड्राइंग डिजाइन के अनुसार कार्य नहीं कराया गया है जो कि मौका स्थल पर देखने से स्पष्ट प्रमाणित है।

संबंधित ठेकेदार के द्वारा उपरोक्त कार्यों का निर्माण गुणवत्ताहीन एवं घटिया स्तर का करते हुए भारी भ्रष्टाचार किया गया है जो की पूर्ण रूप से शासन तथा करोड़ों करदाताओं के टैक्स के पैसों की चोरी को दर्शाता है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है।

उपरोक्त सड़क निर्माण कार्य को संबंधित ठेकेदार के द्वारा पूर्ण रूप से कार्य नहीं कराया गया है जबकि ठेकेदार के द्वारा अधिकारियों से मिली भगत कर उपरोक्त कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर कर अनावेदकगण से उपरोक्त पैकेज के संपूर्ण राशि प्राप्त कर लिया गया है इसके अलावा ठेकेदार एवं अधिकारियों के द्वारा उपरोक्त कार्य घटिया एवं गुणवत्ताहीन स्तर का होने से उखड़ चुका है जिससे कि यह प्रमाणित है कि संबंधित ठेकेदार के द्वारा इन कार्यों में भारी भ्रष्टाचार किया गया है।

उपरोक्त कार्यों में स्टीमेट के अनुसार दर्शाई गई मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य पूर्ण रूप से निर्माण कराया जाना था परंतु संबंधित ठेकेदार के द्वारा उसका भी पालन नहीं किया गया है और स्टीमेट के अनुसार दर्शाई गई मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य नहीं किए गए सिर्फ कवियों में पूर्ण बताया गया है और उसकी पूर्ण रूप से भुगतान प्राप्त कर लिया गया है जो कि यह प्रमाणित करता है कि ठेकेदार एवं अधिकारियों के द्वारा आपसी मिली भगत कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय राशि का गबन कर भ्रष्टाचार किया गया है।

निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के पश्चात ठेकेदारों के द्वारा खनिज विभाग से खनिज चुकता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक होता है परंतु ठेकेदार एवं अधिकारियों से मिली भगत कर

फर्जी चुकता प्रमाण पत्र बलरामपुर खनिज विभाग से मिली भगत कर कार्यपालन अभियंता के छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंबिकापुर के द्वारा प्राप्त किया गया है जिसकी विधिवत जांच करने की भी मांग डीके सोनी के द्वारा की गई है जिससे कि करोड़ों रुपए की रॉयल्टी शासन को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त शिकायत एवं उसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुभाग अधिकारी के द्वारा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ सरकार नया रायपुर को दिनांक 19/11/2024 के माध्यम से उपरोक्त शिकायत की जांच कर कार्रवाई करनी हेतु प्रेषित किया गया है साथ ही साथ आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर के द्वारा भी दिनांक 21/11/2024 को कलेक्टर सरगुजा को शिकायत आवेदन में उल्लेखित तथ्यों के जांच कराकर 15 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है अब देखना यह है कि उक्त मामले में छत्तीसगढ़ सरकार कितनी गंभीरता से जांच करा कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कर रही है।

# सीजफायर के बाद लेबनान में खुशी की लहर,लेकिन इजरायल में विरोध पर उतरे लोग

**तेल अवीव, 27 नवम्बर 2024।** इजरायल और लेबनान के हिज्बुल्लाह में सीजफायर की घोषणा के बाद विस्थापित लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी हैं। लोग खुशी से नाचते गाते नजर आ रहे हैं। महीनों बमबारी की जद में डर-डर कर रहने के बाद लोगों के चेहरों पर तब खुशी आई, जब अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्ता के बाद इजरायल और लेबनान की ओर से सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। वहीं दूसरी ओर तेल अवीव में विस्थापित लोगों ने सड़कों पर प्रदर्शन कर इसका जमकर विरोध किया है।

लेबनान की राजधानी बेरूत में एक आश्रय स्थल पर विस्थापित लोग सीजफायर के बाद जल्द घर लौटने के लिए खासा उत्सुक नजर आए। वहीं छोटे बच्चों ने घर वापसी के बाद फिर से स्कूल जाने की खुशी जाहिर की। कुछ लोगों ने लेबनान के साथ गाजा में भी जल्द सीजफायर की मांग उठाई है। उधर, इजरायल के तेल अवीव में विस्थापित लोगों और उनके समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर इस समझौते का जमकर विरोध किया। इस सीजफायर को आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरनाक बताया।





बुधवार सुबह 4 बजे से सीजफायर का ऐलान किया गया। मंगलावर की रात इजरायल के प्रधनमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वार कैबिनेट ने इसको मजूरी दे दी, लेकिन इसके साथ ही नेतन्याहू ने चेतावनी भी दी है कि यदि हिज्बुल्लाह ने युद्धविराम का उल्लंघन किया तो फिर वो उन्हें नहीं बख्शेगा। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसका ऐलान किया और कहा कि युद्धविराम 60 दिनों के लिए 27 नवंबर को सुबह 4 बजे से लागू होगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएन मैक्रों ने भी युद्धविराम के फैसले का स्वागत किया है। लेबनान के लिए इसे नया चैप्टर भी बताया. इस युद्धविराम के लिए अमेरिका और फ्रांस ने मध्यस्थता की थी। इसको दोनों पक्षों ने माना, जिसके बाद युद्धविराम लागू हो पाया। इस पर ऑस्ट्रेलिया और जापान समेत कई देशों की प्रतिक्रिया भी सामने आई है. सभी ने इस फैसले का स्वागत किया है। इस जंग की वजह से विस्थापित 10 लाख लोगों को अब घर वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास हमले के एक दिन बाद ही हिज्बुल्लाह ने हमला करना शुरू कर दिया था. इसके बाद लेबनान की ये लडाई देखते ही देखते जंग में बदल गई और इसके कारण लेबनान में अब तक करीब 3700 से ज्यादा लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि, इसी बीच एक चिंताजनक खबर भी सामने आ रही है। युद्धविराम के सुबह 4 बजे प्रभाव में आने के बाद लेबनान और इजरायल बॉर्डर से कुछ रॉकेट आसमान में देखे गए हैं। सीजफायर के ऐलान से ठीक पहले भी इजरायली सेना ने हिज्बुल्लाह के 25 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल अटैक किया. इस दौरान 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए. लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी इलाके में एक इमारत को निशाना बनाकर आईडीएफ ने मिसाइल हमले में उड़ा दिया। धमाका इतना भयानक था कि आग की तेज लपटों ने आसपास के इलाकों को भी खासा नुकसान पहुंचाया। दिनदहाड़े हुए इस मिसाइली हमले के बाद लोग जमींदोज हुई इमारत में जिंदगियों की तलाश करने में जुट गए। इजरायल की ओर से जारी इन हमलों के जवाब में लेबनान ने भी मिसाइल दागे। इस दौरान करीब 10 प्रोजेक्टाइल को आंशिक रूप से इजरायल ने हवा में ही रोकने का दावा किया। हालांकि इजरायल के नहरिया शहर पर लेबनान की ओर से हुए रॉकेट हमलों में दो लोग घायल हो गए। इनमें से एक बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बताई गई थी।

धान खरीदी 2024-2025

## जिले में अब तक 1178 किसानों से 58,559 क्विंटल धान की हुई खरीदी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर की स्थिति में जिले में कुल 1178 किसानों से कुल 58,559 क्विंटल धान की खरीदी 46 समितियों के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले में इस वर्ष धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 351073 क्विंटल है।





उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा धान विक्रय के उपरांत 72 घंटों में किसान के बैंक खाते में भुगतान किया जा रहा है। पीएफएमएस के माध्यम से सीधे भुगतान किसान के खाते में होता है। समय सीमा के अनुसार किसानों को भुगतान जारी है। बता दें कि कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। धान खरीदी के सुचारू संचालन और आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो धान उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था के साथ गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी, अवैध धान खरीदी एवं परिवहन पर भी निगरानी रख रहें हैं। वहीं जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत 30 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण-पत्र

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 30 हितग्राहियों को 30 दिवस यानी कुल 200 घंटे का माली प्रशिक्षण शासकीय उद्यान अंबिकापुर में प्रदाय किए जाने के उपरांत बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त इन 30 प्रशिक्षणार्थियों को 27 नवंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, जनपद पंचायत अंबिकापुर की अध्यक्ष श्रीमती जानकी सिंह, कृषि स्थाई समिति अंबिकापुर के अध्यक्ष श्री सतीश यादव एवं उपसंचालक उद्यान अंबिकापुर श्री जयपाल सिंह मरावी की उपस्थिति में प्रमाण-पत्र एवं टूल कीट वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।





## अवैध धान पर प्रशासनिक कार्रवाई तेज, अलग-अलग जगहों से 290 क्विंटल अवैध धान जब्त





- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी पर पैनी नजर भी रखी जा रही है। शासन के निर्देश एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में अधिकारी फील्ड पर उतरकर उपार्जन केंद्रों में जाकर स्वयं जांच कर रहे हैं। प्रशासनिक टीम द्वारा अवैध धान खरीदी, भण्डारण, परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार को प्रशासनिक टीम द्वारा अम्बिकापुर के ग्राम खाला के महामाया ट्रेडिंग राजेन्द्र अग्रवाल के गोदाम से 126 क्विंटल एवं ग्राम कंठी के निकेत ट्रेडिंग मदनलाल अग्रवाल के गोदाम से 104 क्विंटल अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किया। वहीं बुधवार को उदयपुर के ग्राम खम्हरिया में सुनील गुप्ता की दुकान में अवैध रुप से भंडारित 10 क्विंटल, ग्राम सलका में अनिल गुप्ता की दुकान से 30 क्विंटल तथा ग्राम कुन्नी के संतोष यादव की दुकान से 20 क्विंटल धान जब्त किया गया किया। इस प्रकार प्रशासनिक टीम द्वारा 290 क्विंटल धान की जब्ती की गई है।

## पहाड़ी कोरवा और पण्डो गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण हेतु जिले में पायलट प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री अन्न कोष शुरू करने पर हुई चर्चा,जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

» **जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न,वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों का हुआ अनुमोदन**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल,लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज और सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो की उपस्थित में तथा कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में बुधवार को नवीन कंपोजिट बिल्डिंग स्थित सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लगभग 14 करोड़ रुपए की राशि की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया जिसमें उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन कल्याण, जनकल्याण और सतत आजीविका एवं अन्य प्राथमिकता के क्षेत्र जैसे भौतिक अधोसंरचना के कार्य शामिल हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे।





बैठक में जनप्रतिनिधियों के समक्ष कलेक्टर श्री भोसकर ने पीवीटीजी महिलाओं के पोषण के गंभीर मुद्दे पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए जाने का सुझाव रखा जिसपर समस्त जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई। इस पायलट प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री अन्न कोष का नाम दिया जाएगा। पहाड़ी कोरवा और पण्डो जनजाति की गर्भवती और शिशुवती माताओं को प्रोटीनयुक्त अतिरिक्त आहार के रूप में मूंग और चना दिया जायेगा। मूंग और चना में प्रोटीन की अच्छी मात्रा के मद्देनजर चुना गया है। जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मॉनिटरिंग किए जाने की बात कही। इसमें मितानिनों का भी सहयोग जागरूकता हेतु लिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा पीवीटीजी परिवारों की गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषित करने से बच्चों को भी लाभ होगा। जनप्रतिनिधियों ने अगले तीन माह हेतु इस पायलट प्रोजेक्ट के संचालन पर सहमति जताते हुए महिलाओं को बढ़ती ठंड को देखते हुए गरम कपड़े वितरण कराने की भी बात कही जिससे उनकी मदद हो सके। सीईओ जिला पंचायत श्री कंवर ने शासी परिषद की बैठक में सामान्य जानकारी एवं डीएमएफ अंतर्गत वर्षवार प्राप्त आबंटन, स्वीकृति, आबंटित राशि और देय राशि की जानकारी प्रस्तुत की। इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों, भौतिक अधोसंरचना कार्यों और निरस्त किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

# चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का हुआ शानदार शुभारंभ

» **स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन की दीं शुभकामनाएं...**

» **दो दिवसीय प्रतियोगिता में चार जोन के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा,विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिले में दो दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 की भव्य शुरूआत बुधवार को अम्बिकापुर के स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउंड में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल ने विधिवत ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक अम्बिकापुर श्री राजेश अग्रवाल, विधायक लुण्ड्रा श्री प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर श्री रामकुमार टोप्पो, विधायक बैकुंठपुर श्री भैयालाल राजवाड़े, पूर्व सांसद श्री कमलभान सिंह, राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय संचालन समिति के सचिव श्री नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।













उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरगुजा हमारे राज्य का मुकुट है और आज सरगुजा में इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा आदिवासी बहुल क्षेत्र है जिसे सजाने-संवारने में भी जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं शासन द्वारा सरगुजा और बस्तर क्षेत्र में समन्वय कर राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार जनजातीय वर्ग के लिए काम कर रही है, इसी दिशा में आदिवासी छात्र-छात्राओं के कल्याण के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्धता दर्शाते हुए भवन विहीन सभी स्कूलों के लिए निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों सरगुजा संभाग को हवाई रूट से जोड़ने एयरपोर्ट की शुरुआत की गई और इसी कड़ी में दिसंबर माह में सरगुजा से नियमित उड़ान सेवा शुरू होने की संभावना है। शासन द्वारा किसानों के हित में प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपए में धान खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए पारिश्रमिक भुगतान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु मेडिकल कॉलेज भवन के शेष निर्माण हेतु 109 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में स्वीकृत मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल निर्माण भी जल्द शुरू होगा। प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रतिबद्ध हैं। हम सब मिलकर अपने प्रदेश को संवारने का कार्य करें। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह अवसर जीवन में एक ही बार आता है, पढ़ाई करने का अवसर एक ही बार मिलता है, ये स्कूली जीवन स्वर्णिम समय है, हमें विभिन्न विधाओं को सीखने का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में जो चयनित होंगे, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। खेलकूद से बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही करियर भी बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अच्छे से खेलें, पढ़े और छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने में अपना योगदान दें।

विधायक अंबिकापुर श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सरगुजा में किया जा रहा है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभी यहां अपना पूरा ध्यान खेल में लगाएं। यह दो दिन का अवसर बेहतर प्रदर्शन करने का है, इसके बाद राष्ट्रीय स्तर में खेलने का मौका मिलेगा। बच्चों के लिए पढ़ाई और सर्वांगीण विकास के लिए एकलव्य विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय संचालन समिति के सचिव श्री नरेन्द्र दुग्गा ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज यहां राज्य स्तरीय चतुर्थ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है। शासन द्वारा जनजातीय बच्चों के विकास के लिए एकलव्य स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी बच्चों के समग्र विकास के लिए शासन द्वारा यह प्रयास किया गया है। यह राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता बच्चों के विकास में सहयोगी होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 75 एकलव्य स्कूलों के छात्र शामिल हो रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दीं।

### खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने शपथ ली

इस अवसर पर प्रदेश के चार जोन से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली और परंपरानुसार खेल ध्वजारोहण क्रिया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल द्वारा प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। खिलाड़ियों द्वारा प्रतियोगिता में निर्धारित नियमों एवं विधियों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए खेल तथा देश के गौरव के लिए सच्ची खेल भावना के साथ भाग लेने शपथ ली गई।

### 21 खेलों में विभिन्न जोन से आए 1100 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन में 21 खेल होंगे जिसमें चार जोन सरगुजा, बस्तर, मध्य-1 कोरबा और मध्य-2 राजनांदगांव 1100 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ 152 प्रभारी शिक्षक भी रहेंगे। सुविधानुसार विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग स्थान चयनित किया गया है जिसमें स्थानीय पी.जी. कॉलेज ग्राउंड में एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, तीरंदाजी, हैंडबॉल तथा पी.जी. कॉलेज ग्राउंड के हॉकी स्टेडियम में हॉकी, ताइक्कांडो हॉल में ताइक्कांडो एवं मुक्केबाजी होगा। इसी तरह गांधी स्टेडियम में बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल तथा गांधी स्टेडियम के खेल स्टेडियम हॉल में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, जूडो एवं शतरंज हॉल में शतरंज के साथ ही जिम हॉल में भारोत्तोलन का प्रदर्शन होगा। वहीं चौपाटी स्थित बैडमिंटन हॉल में योगा एवं जिम्नास्टिक तथा गांधीनगर तरणताल में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# नगर निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक





-संवाददाता-
**एमसीबी,27 नवंबर 2024(घटती-घटना)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत और पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बताया कि चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रभारी अशोक वाडेगावकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दी गई है। जाबो कार्यक्रम, मतगणना और अन्य चुनावी व्यवस्थाओं के लिए नितेश उपाध्याय परियोजना निदेशक डीआरडीए को जिला प्रभारी बनाया गया है। नगरीय क्षेत्र के जाबो कार्यक्रम की जिम्मेदारी राम प्रसाद आचला नगर निगम कमिश्नर को सौंपी गई है। शिकायत सेल और नियंत्रण कक्ष के लिए शैलेश गुप्ता सहायक अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। निर्वाचन कर्तव्य, मतपत्र, मानव संसाधन, रिजर्व दल, सामग्री वितरण और वापसी, निर्वाचन सामग्री, प्रतिवेदन तथा प्रशिक्षण का प्रभार अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है।

आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का जिला प्रभार शुभम बंसल जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति और मीडिया संबंधी कार्यों के लिए लोकेश्वर सिंह जिला जनसंपर्क अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। परिवहन योजना एवं रूट चार्ट का प्रभार दयानंद तिग्गा जिला खनिज अधिकारी को सौंपा गया है। कार्मिक कल्याण कार्य के लिए रमेश सिन्हा उपसंचालक समाज कल्याण विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। मतपेटी का कार्य सुजीत श्रीवास्तव जिला प्रभारी क्रेडा विभाग को सौंपा गया है। मतपत्र मुद्रण, प्रूफ रीडिंग और निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग का दायित्व चंद्रशेखर सराफ जिला कोषालय अधिकारी को दिया गया है। प्रेक्षक के तौर पर नीरज अनुविभागीय अधिकारी वन को और चिकित्सा सहायता के लिए अविनाश खरे सीएमएचओ को जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में एक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तीन सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एक रिटर्निंग ऑफिसर और सात सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। जनपद पंचायत खड़गवां में एक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दो सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एक रिटर्निंग ऑफिसर और चार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। वहीं जनपद पंचायत भरतपुर में एक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दो सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एक रिटर्निंग ऑफिसर और ग्यारह सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। अन्य निर्वाचन व्यवस्थाओं के लिए पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में 48 और नगरीय निकाय क्षेत्र में 25 रिजर्व सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। सेक्टर अधिकारी और मास्टर ट्रेनर के रूप में 20 अधिकारी नियुक्त होंगे। एमसीएमसी दल एक और एमसीसी दल छह गठित करने का निर्णय लिया गया है। सामग्री वितरण और वापसी दल के लिए त्रिस्तरीय पंचायत में 34 तथा नगरीय निकाय में 12 रिजर्व दल बनाए जाएंगे। निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग के लिए तीन दल और 12 डेटा एंट्री ऑपरेटर नियुक्त किए जाएंगे। कलेक्टर ने मतदान केंद्र, सहायक मतदान केंद्र, स्थाई और अस्थाई मतदान केंद्रों की पहचान के लिए निर्देश दिए हैं। मतदान केंद्रों के भवनों के स्वरूप, कच्चे और पक्के मकानों की स्थिति, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी एकत्र करने को कहा गया है। स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष और मतगणना स्थल के संबंध में भी निर्देश दिए गए। मतदान केंद्रों पर रैंप, शौचालय और पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही नेटवर्क कवरेज की स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत करने को कहा गया। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के तहत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी और अन्य कर्मियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। इस वर्ष 2024 में चिरमिरी नगर निगम, मनेंद्रगढ़ नगरपालिका परिषद, झगराखांड, नई लेदरी, खोंगापानी और जनकपुर नगर पंचायतों में चुनाव होंगे। इन सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए । इस बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी सी.एस. पैकरा, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, सर्व एसडीएम, नगर निगम आयुक्त, सर्व जनपद सीईओ, नगर पंचायत सीएमओ सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा केराबहरा के ग्लूकोमा मरीजों का किया जा रहा उपचार



-संवाददाता-
**एमसीबी,27 नवंबर 2024(घटती-घटना)।** जिले के विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत केराबहरा में एक ही परिवार के कई लोग वंशानुगत रूप से आंख की बीमारी ग्लूकोमा से ग्रसित है। उनके पुत्र एवं पुत्री या तीसरे पीढ़ी के लोगों में भी 18 वर्ष की आयु होते ही बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगता है। जिसका परीक्षण समय-समय पर विभाग द्वारा किया गया व उच्च संस्थाओं ने ऑपरेशन भी कराया गया है। 1995 से लेकर 2022 तक कई लोगों का ऑपरेशन रायपुर, अंबिकापुर,बिलासपुर, चित्रकूट में हुआ है। अविभाजित कोरिया जिले के डॉ. आर.एस. सेंगर द्वारा 26 अप्रैल 2018 को केराबहरा जाकर 17 लोगों का परीक्षण किया गया। 07 जून 2021 को मेडिकल कॉलेज बिलासपुर के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज सिंह, डॉ. आर.एस. सेंगर व टीम द्वारा 29 लोगों का परीक्षण करके उपचार योग्य चयनित 06 लोगों का उपचार हेतु बिलासपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया व श्री संतोष का उपचार गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय रायपुर में 09 जून 2021 को हुआ। 30 अक्टूबर 2024 डॉ. जयन्त एक्का नेत्र विशेषज्ञ केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा 20 लोगों का परीक्षण किया गया। प्रतिवेदन में 1 मरीज को तत्काल उपचार की आवश्यकता है। आंख का प्रेशर बढ़ा हुआ है व रेटिना डेमेज हो रहा है। शेष अन्य 5 मरीज को नियमित परीक्षण व उपचार की आवश्यकता है। वर्तमान में ग्लूकोमा के लक्षण नहीं है। 04 नवंबर 2024 एवं 19 नवंबर 2024 को भी नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 4 लोगों का चश्मे की जांच की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीघ्र ही ऑपरेशन हो चुके मरीज व जिनका उपचार जारी है उसको निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया जा रहा एवं उपचार हेतु उच्च संस्थाओं से चर्चा कर समुचित उपचार के लिए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। नेत्र चिकित्सक, नेत्र सहायक अधिकारी के द्वारा प्रत्येक माह केराबहरा के मरीजों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार समुचित उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग केराबहरा के मरीजों के उपचार के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## एकलव्य स्कूल में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर तक

### चयन परीक्षा का आयोजन 19 जनवरी को

**सूरजपुर,27 नवंबर 2024(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदित जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2024 तक ही होगी। ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया 11 नवम्बर 2024 से ही शुरू है। ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार हेतु 11 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक ही किया जाएगा। चयन परीक्षा का आयोजन 19 जनवरी 2025 को निर्धारित है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट www. eklavya.cg.nic पर अवलोकन किया जा सकता है।

## शिक्षा व्यवस्था पर की कार्रवाई 7 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस





संवाददाता-
**कोरिया,27 नवंबर 2024(घटती-घटना)।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी क्रम में 26 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता ने जिले के कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंभीर खामियां पाए जाने पर 7 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।जिला शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की उपस्थिति पंजी, छात्रों की उपस्थिति और पढ़ाई की गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन किया। श्री गुप्ता ने बच्चों को दी जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, किचन की साफ-सफाई का भी जायजा लिए। इस दौरान बैकुंठपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पंडोपारा और महोरा स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों की अनदेखी के प्रमाण मिले।

### इन शिक्षकों को देना होगा स्पष्टीकरण

श्री सदन कुमार सिंह, श्रीमती मंजुलता बरवा, श्री रितेंद्र सिंह, श्री वीरेंद्र कुमार निषाद, श्रीमती बेबी सोनवानी, श्रीमती नीला सोनवानी, और श्रीमती पुष्पा भगत पर पढ़ाई की गुणवत्ता में कमी, छात्रों की उपस्थिति में गिरावट और शैक्षणिक सुधारों के प्रति उदासीनता बरतने की वजह से कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है।

### कार्रवाई के निर्देश

इन शिक्षकों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए तीन दिनों के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा में जवाब न मिलने या जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन की सख्ती

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कदम छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने और शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## आगामी 15 दिसंबर तक लक्ष्य पूरा करने के लिए जुट जाएं:श्रीमती चंदन त्रिपाठी



### कलेक्टर कोरिया ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की ग्रामवार समीक्षा

संवाददाता-
**कोरिया,27 नवंबर 2024(घटती-घटना)।** प्रधानमंत्री आवास योजना में गत वर्ष तक स्वीकृत किए गए समस्त आवासों को आगामी 15 दिसंबर तक पूरा करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव को हर संभव प्रयास करना होगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रत्येक हितग्राही को पक्के मकान बनाने में आप सभी जिस तरह संसाधन जुटाने में मदद कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि एक सप्ताह में कोरिया जिले में 170 से ज्यादा हितग्राहियों को पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हुआ है। इसी गति को निरंतर बनाए रखना होगा जिससे सभी पात्र हितग्राही जल्द आवास योजना ग्रामीण का पूरा लाभ ले सकेंगे। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में बुधवार को कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर ग्राम वार समीक्षा करते हुए अच्छा कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। आवास योजना में समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोनहत और बैकुंठपुर जनपद में निर्धारित लक्ष्य अनुसार ग्राम पंचायत वार आवास योजना में प्रगति पर जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के पैसे अन्य कार्यों में खर्च होने के कारण कार्य कराने में दिक्कत आ रही है उनसे ग्राम पंचायत सचिव व्यक्तिगत संपर्क करें और धान की फसल से मिलने वाली रकम से आवास पूरा कराने में मदद करें। आगामी दिसंबर में हर हाल में प्रत्येक हितग्राही के आवास पूर्ण कराने पर बल देते हुए कलेक्टर कोरिया श्रीमती त्रिपाठी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव और तकनीकी सहायकों को जिम्मेदारी से आगामी पंचायत चुनाव के पहले ही पुराने स्वीकृति के सभी आवास आगामी पंद्रह दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने आगामी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हितग्राहियों के आवास पूर्ण करने के लिए निर्माण स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस बैठक में सभी तकनीकी सहायक, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला और जनपद स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्रं /अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश दीप छाबड़ा आ0 गुरूचरण सिंह छाबड़ा, निवासी पावर हाउस के नजदीक, मायापुर अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक द्वारा अनावेदकगण समीर सरजाल आ0 राजू सरजाल,नि0ग्राम करजी दरिमा रोड वगैरह के संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं.03,मोहल्ला-कौवाडांड़,खसरा नं. 1562/4 में से रकबा 1089 वर्गफ टि भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र,पंजीयन दिनांक 06.11.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है,अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202411020700069**

विषयः-अ-6अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

लक्ष्मीपुर प.ह.नं.00023

पक्षकारों का विवरणः-

आवेदक पक्षकार-सरेश कुमार

अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

ईश्तहार

आवेदक सरेश कुमार पिता प्रभुराम, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के आवेदन पत्र पेश कर बताया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 549, 550, 552, 571,572,573,574, 575 कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 1.042 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का पुकारू नाम सोनू अंकित हो गया है, जबकि आवेदक का वास्तविक नाम सरेश कुमार है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है,जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/12/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाबी देवी पत्नी राम नरेश जाति उरांव निवासी उदारी तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 203/7 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र-, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 04/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपमा खलखो पिता नहून खलखो जाति उरांव निवासी फुन्दूरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम- फुन्दूरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 276/34 रकबा 0.012 हे0 भूमि को को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 04/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

## भरतपुर के ग्राम कैसोड़ा एवं ग्राम रूसनी में 2000 बोरी अवैध धान जब्त



संवाददाता-
**एमसीबी,27 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।** विगत 19 नवम्बर 2024 को भरतपुर में एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के निर्देश पर तहसीलदार और खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम ने ग्राम भगवानपुर स्थित अंकुर सिंह के गोदाम से 2000 बोरी धान जप्त की। प्रारंभ में बताया गया कि यह धान पिछले वर्ष की खेती की विक्रय के बाद की अतिशेष मात्रा है, लेकिन इसका विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि यह धान नया है। जांच के दौरान पता चला कि यह धान मध्य प्रदेश से अवैध रूप से लाया गया था। आगे पूछताछ में यह सामने आया कि व्यापारी अंकुर सिंह ने ग्राम पंचायत कैसोड़ा और ग्राम रुसनी के किसानों से धान खरीदी थी। इन किसानों को कमीशन का वादा किया गया था, लेकिन न तो उन्हें कमीशन दिया गया और न ही उनके बैंक खाते, पासबुक और एटीएम कार्ड लौटाए गए। इसके अलावा, यह धान अवैध रूप से इन किसानों के पंजीकरण का उपयोग करके बेचने की कोशिश की जा रही थी।



## बढ़ती ठंड के चलते स्कूलों का टाइम टेबल में हुआ बदलाव

-संवाददाता-
**एमसीबी,27 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में स्कूल शिक्षा विभाग ने मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 27 नवम्बर 2024 से जिले के समस्त शालाओं शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त शालाओं) के संचालन हेतु समय निर्धारित किया है। दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली सोमवार से शनिवार प्रातः 9 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली सोमवार से शनिवार अपराह्न 12:45 बजे से 4:15 बजे तक संचालित होगी। एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से 3:30 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश 31 जनवरी 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

# क्या कोरिया कलेक्टर जनदर्शन मात्र औपचारिकता भर की

» शिकायतों पर नहीं होती उचित कार्यवाही, पीड़ितों को नहीं मिल पाती राहत...

» जनदर्शन में आवेदन देकर पीड़ित करते हैं महीनों इंतजार...

» फिलहाल के दो मामलों से स्थिति होती है स्पष्ट...

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)। जब आमजन की व्यथा की सुनवाई उचित मंच पर नहीं होती,तब थका हारा पीड़ित व्यक्ति और समुदाय, जिले के मुखिया के समक्ष अपनी गुहार और अपनी अर्जी लगाता है। और यह तब होता है जब आम जनता की पहुंच निर्वाचित बड़े पद पर आसीन जनप्रतिनिधियों तक नहीं हो पाती। तब जनमानस के मन के किसी कोने में यह उम्मीद बंधी रहती है कि यदि अपनी व्यथा वह जिले के मुखिया तक पहुंचा पाए तो शायद उसे राहत मिल जाए। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने राजधानी से लेकर के प्रत्येक जिले में तयशुदा तिथि को जनदर्शन के माध्यम से आम जनता को राहत देने की और जनता के मन में बसे विश्वास को बनाए रखने की पहल की है। और आमतौर पर यह देखा जाता रहा है कि जनदर्शन में आए आवेदनों पर त्वरित निराकरण भी होता है। परंतु कोरिया जिले में यह देखने को नहीं मिल रहा है। जहां फरियादी जनदर्शन में अपनी फरियाद दाखिल कर हफ्तों से राहत पाने का इंतजार कर रहे हैं। जनदर्शन में फरियाद करने के बाद भी लंबित प्रकरणों में से दो प्रकरण दैनिक घटती घटना के समक्ष आए, जिनका उल्लेख करना जनदर्शन के कार्यशैली को दर्शाने के लिए पर्याप्त है।


टोकन के इस भाग को आवेदक को देवें
जिला :- कोरिया कलेक्टर जनदर्शन
https://jandarshan.cg.nic.in
जनदर्शन का टोकन नम्बर 2010224001565
सुरक्षा नं. 930
दिनांक - 12/11/2024

...धीश महोदया
जिला-कोरिया बैकुन्ठपुर छ०ग०

विषय- निस्तार मार्ग को अवैध रूप से जे.सी.बी. द्वारा खोदने एवं अवैध अतिक्रमण की शिकायत बावत्।

महोदया,

विषयान्तर्गत लेख यह है कि हम सभी ग्राम- पंचायत छिन्दिया, विकासखण्ड बैकुन्ठपुर, जिला-कोरिया के आश्रित ग्राम- बईरपारा, करहीपारा, डुमरडीह, परसापारा, नकटापारा, पीपरपारा के निवासी हैं। हम सभी का खेत खलिहान एवं निस्तार का एक मात्र मार्ग बईरपारा के नीचे स्थित तालाब के पाट से है, जिस मार्ग पर ग्राम का देवालय, आंगनबाड़ी, रामढोढी एवं देव स्थान स्थापित है। इसके अतिरिक्त सैकड़ों ग्रामीणों के खेत-खलिहान जाने का एक मात्र मार्ग तालाब का पाट है, और जिसके बिना छ: पारा के रहवासियों का निस्तार असंभव है। उस मार्ग को ग्राम के ही सुभाष गुप्ता आ० स्व० लखनलाल गुप्ता के द्वारा अवैध रूप से जे.सी.बी. लगाकर रात्रि में अवरुद्ध कर दिया गया है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो उक्त व्यक्ति द्वारा ग्रामीणों के साथ जाति-गत गाली गलौज एवं मारपीट का प्रयास किया गया, जिसकी एफ.आई.आर थाना पटना एवं आ.जा. क. थाना बैकुन्ठपुर में कराई गयी है। इसके अतिरिक्त तालाब किनारे की शासकीय भूमि को उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध कर कब्जा रखा गया है। यदि इस मार्ग को और अवैध रूप से कब्जे किये शासकीय भूमि को तत्काल अवैध कब्जाधारी से मुक्त नहीं कराया गया तो ग्राम में अप्रिय घटना कारित होने की पूर्ण सम्भावना है।

अत: आदरणीया से सादर अनुरोध है कि मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए तत्काल अवैध कब्जाधारी से अवैध कब्जा को मुक्त कराया जावे एवं ग्रामीणों के निस्तार के मार्ग को अतिशीघ्र निर्मित कराकर मार्ग का सुचारू रूप से संचालन प्रारंभ कराया जावे। प्रार्थी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद!

दिनांक /11/2024

प्रतिलिपि:-
1. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुन्ठपुर जिला-कोरिया छ०ग०।
2. तहसीलदार पटना जिला-कोरिया छ०ग०।

आवेदक
ग्रामीणजन
बईरपारा, करहीपारा, डुमरडीह, परसापारा, नकटापारा, पीपरपारा
ग्राम पंचायत छिन्दिया

## प्रकरण प्रथम

यह मामला बैकुंठपुर विधानसभा के पटना तहसील के ग्राम पंचायत छिंदिया से जुड़ा है। जहां एक अतिक्रमणकारी ने देवालय, आंगनवाड़ी, ढोढ़ी एवं खेत खलिहान जाने के मार्ग को जेसीबी से खोदकर अवरुद्ध कर दिया है। तथा अवैध कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत प्रभावित ग्रामीणों ने जनदर्शन के माध्यम से जिलाधीश महोदय के समक्ष दर्ज कराई है। और साथ ही पूरे प्रकरण में देखने वाली बात यह है कि जब अवैध अतिक्रमणकारि व्यक्ति से इस अवैध अतिक्रमण का ग्रामीणों ने विरोध किया तो उस व्यक्ति ने विरोध करने वाले ग्रामीणों के साथ जातिगत गाली गलौज एवं मारपीट का प्रयास किया। जिसकी पटना थाने में और आजाक थाना बैकुंठपुर में दर्ज कराई गई है। जिसकी प्रतिलिपि भी जनदर्शन में दिए गए आवेदन में संलग्न है। अपने आवेदन में ग्रामीणों ने शीघ्रता से मार्ग को बहाल न किए जाने की दशा में गंभीर घटना कृत होने की संभावना भी व्यक्त की है। बावजूद इसके आवेदन देने के हफ्तों बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही प्रशासन की तरफ से नहीं की है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अवरोध किए गए अवैध कब्जे वाले मार्ग से सैकड़ो ग्रामीणों का निस्तार है। जहां से वे अपने खेत खलिहान में, ग्राम के देवालय में, आंगनवाड़ी में, ढोडी में प्रतिदिन आना-जाना करते हैं।


प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदया जी (जनदर्शन)
बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया (छ.ग.)

विषय :–ग्राम पंचायत डकईपारा के आश्रित ग्राम खैरी के वार्ड कमांक 11 में नाम दर्ज करने बावत् ।

महोदया,
विषयान्तर्गत लेख है कि प्रार्थीगण का परिवार विगत 50 वर्षों से ग्राम खैरी के कटहलपारा में निवासरत् है जो वर्तमान में ग्राम पंचायत डकईपारा के वार्ड कमांक 11 का हिस्सा है ।

| कमांक | मतदाता का नाम | पिता / पति का नाम | मतदाता सूची में सरल क0 |
|---|---|---|---|
| 1 | अवधेश कुमार | नेहरू राम कुर्रे | 290 |
| 2 | मुकेश कुमार | नेहरू राम कुर्रे | 291 |
| 3 | दिलबरन | हरिनंदन | 310 |
| 4 | सोहगिया | दिलबरन | 111 |
| 5 | रामकृपाल | दिलबरन | 312 |
| 6 | लिलावती | रामकृपाल | 313 |
| 7 | श्रवण कुमार | रामकृपाल | 297 |
| 8 | दिव्या | रामकृपाल | 292 |
| 9 | संजय कुमार | दिलबरन | 314 |
| 10 | रूपल | संजय कुमार | 316 |
| 11 | अनिल कुमार सोनवानी | दिलबरन | 315 |
| 12 | नेहरू | हरिनंदन | 304 |
| 13 | शांति बाई | नेहरू | 309 |
| 14 | पूर्णिमा | छोटे लाल | 382 |
| 15 | तेज प्रताप | छोटे लाल | 355 |
| 16 | | | |

अतः श्रीमान कलेक्टर महोदया जी से निवेदन है कि पूर्वानुसार उपरोक्त मतदाताओ का नाम ग्राम पंचायत डकईपारा के वार्ड क 10 से काटकर वार्ड न0 11 में सामिल कराये जाने की कृपा करे ।

आवेदक

टोकन के इस भाग को आवेदक को देवे
जिला :- कोरिया कलेक्टर जनदर्शन
https://jandarshan.cg.nic.in
जनदर्शन का टोकन नम्बर 2010224001431
सुरक्षा नं. 111
दिनांक - 15/10/2024

जहां एक ओर हम संविधान दिवस मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर की दूरी पर आदिवासियों के निस्तार मार्ग को अवरोध करने के मामले में ग्रामीणों द्वारा आवेदन देने पर भी प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्यवाही की पहल न करना संविधान दिवस के पर्व को हास्यास्पद बनाता है।

## प्रकरण द्वितीय

दूसरा प्रकरण तो ऐसा है कि इसका कलेक्टर जन दर्शन तक जाना ही इसे विचारणीय बनाता है। यह प्रकरण ग्राम पंचायत के स्तर के निराकरण का है, परंतु स्थिति ऐसी निर्मित हो गई की ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत और कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देना पड़ा। बावजूद इसके वर्तमान स्थिति तक इस प्रकरण में अभी तक निराकरण नहीं हो पाया है। मामला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूर्व वार्डबार मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़ा हुआ है। जहां जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर हाईवे में स्थित ग्राम पंचायत डकई पारा के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर मनमाने तरीके से वार्ड से नाम हटाने और अन्य जगह नाम जोड़ने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जनदर्शन में दिए गए अपनी शिकायत में बताया है कि वह विगत कई चुनाव से जिस वार्ड में निवासरत हैं, राजनीतिक दबाव से उनका नाम अन्य वार्डों में बगैर किसी आवेदन के जोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वार्डबार मतदाता सूची का जब ग्राम सभा के माध्यम से दावा आपत्ति ली गई, तो ग्रामीणों ने दावा आपत्ती के माध्यम से अपने आप को जिस वार्ड में रहना है, वहां के लिए आवेदन किया। परंतु आज पर्यंत तक इस मामले में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के ग्राम सभा में, तत्पश्चात जनपद पंचायत में और उसके बाद कलेक्टर जनदर्शन में अपना आवेदन प्रस्तुत किया। परंतु आज तक इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त होने तक कार्यवाही नहीं हो पाई है।

इस बार जिले के कई ग्राम पंचायत में इस प्रकार की शिकायत देखने सुनने को आ रही है कि पंचायत सचिव द्वारा मनमाने तरीके से वार्डबार मतदाता सूची का अधतन किया गया है। वर्तमान में ग्राम पंचायत डकई पारा में ग्रामीणों का आरोप है कि व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने की नीयत से प्रत्येक वार्ड में इस प्रकार का हेर फेर किया गया है। जिन ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली है उन्होंने अपनी दावा आपत्ति और शिकायत दर्ज कराई है। परंतु सैकड़ो ऐसे ग्रामीण हैं जिन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है कि उनका नाम उनके अपने ही वार्ड से विलोपित कर अन्य वार्ड में संधारित कर दिया गया है। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने वाले ग्रामीणों ने पूरे ग्राम पंचायत के लिए घटती घटना के प्रतिनिधि से बात करते हुए यह बात बताया कि हमारे पंचायत के सभी वार्डों में इस प्रकार का कृत्य किया गया है। अब देखने वाली बात यह है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का अंतिम समय चल रहा है, ग्रामीणों की शिकायतों पर समय रहते उचित कार्यवाही होती है या फिर प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण ग्रामीण अपने अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

# किरण अगरिया की जल जीवन मिशन ने बदली जिंदगी

» विष्णुदेव साय की पहल से ग्रामीणों को मिला स्वच्छ जल का उपहार

-संवाददाता-
एमसीबी,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)। जिले के ग्राम पंचायत पारा डोल के अंतर्गत आने वाला करही पारा बस्ती में हर घर तक जल जीवन मिशन के तहत नल जल को पहुंचाने का सपना साकार हो चुका है। जल जीवन मिशन के तहत इस बस्ती के लोगों को अब स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है। इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल से ग्रामीणों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है, और इसकी एक मिसाल ग्राम पंचायत पारा डोल की निवासी किरण अगरिया की प्रेरणादायक कहानी है।

किरण अगरिया एक सामान्य ग्रामीण महिला हैं, जिनका जीवन कभी पानी के लिए संघर्ष में बीत रहा था। अपने परिवार के लिए पानी लाने उन्हें लंबी दूरी तय कर खेतों के कुएं तक जाना पड़ता था। यह प्रक्रिया न केवल उनके कीमती समय को बर्बाद करता था, बल्कि उनके परिवार के स्वास्थ्य जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू हुए जल जीवन मिशन से किरण और उनके परिवार की जिंदगी बदल गई है।





## किरण का जीवन और उनके परिवार में आया बदलाव

अब किरण के घर में नल से स्वच्छ और सुरक्षित पानी आता है। इस बदलाव ने न केवल उनके समय की बचत की है, बल्कि उनके परिवार के स्वास्थ्य में भी बड़ा सुधार किया है। किरण बताती हैं कि अब वह समय, जो पानी लाने में व्यर्थ होता था, अब वह नहीं होता है अब कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताती हैं और खेती के अलावा अन्य कामों में भी ध्यान लगाती हैं। ग्राम पंचायत पारा डोल की करही पारा बस्ती में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 127 घरों में से 118 घरों में नल कनेक्शन लगकर पूर्ण हो चुका हैं। इसके साथ ही शासन ने इन कनेक्शनों का सत्यापन भी सुनिश्चित किया है, जिससे अब निजी स्रोतों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है।

## किरण अगरिया ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का किया आभार

किरण अगरिया ने जल जीवन मिशन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आभार व्यक्त किया हैं। उनका कहना है कि इस योजना से ग्रामीण महिलाओं के जीवन को न केवल आसान बनाया है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी दिया है।

## जल जीवन मिशन योजना से हो रहा व्यापक प्रभाव

जल जीवन मिशन योजना केवल पानी की आपूर्ति तक सीमित नहीं है। बल्कि यह ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सुधार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। किरण अगरिया की कहानी इस मिशन की अनगिनत सफलता की कहानियों में से एक है, जो यह साबित करती है कि जब सरकार और जनता मिलकर काम करते हैं, तो हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। जल जीवन मिशन ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही दिशा में किए गए प्रयासों से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

# क्या रविशंकर शर्मा को आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित पटना का अध्यक्ष मनोनीत करके नगर पंचायत पटना अध्यक्ष पद से उनकी दावेदारी भाजपा ने समाप्त कर दी?

» लक्ष्मण राजवाड़े को भी मनोनीत किया गया गिरजापुर समिति का अध्यक्ष,वह भी थे भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ में...क्या उनकी भी दावेदारी हुई खत्म?



-संवाददाता-
बैकुंठपुर,27 नवम्बर 2024(घटती-घटना)। राज्य सरकार ने धान खरीदी के मद्देनजर सभी धान खरीदी केंद्रो जो आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित अंतर्गत आती हैं के लिए अध्यक्षों का मनोनयन कर दिया है और जिसके बाद अब यह भी स्पष्ट हो गया कि अब आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के लिए चुनाव नहीं होंगे और इस मामले में पूर्व की कांग्रेस सरकार के नक्शे कदम पर भाजपा सरकार चल निकली है और अब मनोनीत अध्यक्ष ही धान खरीदी केंद्र के लिए जिम्मेदार होंगे। इसी क्रम में कोरिया जिले के पटना धान खरीदी केंद्र के लिए रविशंकर शर्मा को प्राधिकृत किया गया है मनोनीत अध्यक्ष घोषित किया गया है और इसके बाद यह भी चर्चा जारी हो गई है कि अब रविशंकर शर्मा की नगर पंचायत अध्यक्ष पटना के पद के लिए भाजपा से दावेदारी समाप्त कर दी गई है पार्टी के द्वारा और अब वह अध्यक्ष पद पर ही आगे भी बने रहने वाले हैं उन्हें अन्य कोई पद पार्टी आगे प्रदान नहीं करने वाली।

रविशंकर शर्मा को वैसे इस पद की प्राप्ति उपरांत अध्यक्ष पद से खुद अपनी दावेदारी समाप्ति की घोषणा कर देनी चाहिए यह भी लोगों का कहना है क्योंकि हर पद पर खासकर लाभ के पद पर हमेशा उनका ही पहला नम्बर आए यह सही भी नहीं। रविशंकर शर्मा खुद को नगर पंचायत पटना का दावेदार घोषित कर रहे थे, अनारक्षित सीट की स्थिति में और उन्होंने इसकी एक तरह से घोषणा भी कर दी थी लेकिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित अध्यक्ष मनोनयन उपरांत उनकी दावेदारी काफी कमजोर हुई है यह सभी का कहना है।

वैसे रविशंकर शर्मा चाहते तो इस पद के लिए अपनी दावेदारी जाहिर नहीं करते किसी और को वह मौका देते लेकिन बताया जा रहा है कि वह कोई मौका जाया न जाए बने तो हर पद पर वही बैठ जाएं वाली विचारधारा वाले व्यक्ति हैं और इसीलिए उन्होंने यह पद पहले लेने का जुगाड लगाया और अब वह नगर पंचायत के लिए भी प्रयास करेंगे और उसके लिए भी पूरी ताकत लगाएंगे। वैसे माना जा रहा है उनकी दावेदारी पार्टी ने इस मनोनयन से समाप्त कर दी। भाजपा ने मनोनयन कर यह जाहिर कर दिया कि उन्हें जो मिलना था वह मिल चुका अब नगर पंचायत का देवेंद्र कोई और होगा यह तय है।

# परिवार नियोजन की जनजागरुकता के लिए कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को किया रवाना

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 04 दिसंबर तक

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,27 नवम्बर 2024(घटती-घटना)। जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने हेतु पुरुष नसबंदी पखवाड़ा चार दिसंबर 2024 तक मनाया जाएगा।

आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के जन जागरूकता एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रचार- प्रसार हेतु सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह वाहन हाट-बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहे, ग्राम पंचायत, धान खरीदी केंद्र आदि स्थानों पर परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेगा एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़े के दौरान जिला चिकित्सालय, बैकुंठपुर में परिवार नियोजन की समस्त सेवाएं प्रदान की जाएंगी।



पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2024 की थीम हैं- श्आज ही शुरूआत करें, पति पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करेंश। उन्होंने बताया इसके माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी साधन (महिला और पुरुष नसबंदी) और अस्थायी साधन (अंतरा, छाया, पीपीआईयूसी डी, आईयूसीडी, कंडोम आदि गर्भनिरोधक साधन) के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा पुरूष नसबंदी कराने के लिए लक्ष्य दिए गए हैं। इसके अलावा एएनएम, मितानिन के द्वारा भी नसबंदी सम्बंधी जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# माइक्रो एटीएम सेवा ने बदली तस्वीर,किसानों के बढ़ते कदम आत्मनिर्भरता की ओर

» किसानों ने कहा विष्णु सरकार कृषकों की हित में लेते हैं निर्णय

संवाददाता
बैकुंठपुर,27 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)। जिले के धान उपार्जन केंद्रों में इस बार की धान खरीदी प्रक्रिया किसानों के लिए एक सुखद अनुभव साबित हो रही है। माइक्रो एटीएम सेवा के माध्यम से किसानों को अपनी राशि निकालने में सुविधा मिल रही है, जिससे न केवल उनका समय बच रहा है बल्कि वे वित्तीय लेनदेन में आत्मनिर्भर भी हो रहे हैं।

## माइक्रो एटीएम सेवा से राहत

गेजी निवासी किसान नीलांचल ने बताया, ''पहले बैंकों की लंबी कतारों में समय खराब होता था, लेकिन अब उपार्जन केंद्र पर ही जरूरत की राशि तुरंत मिल जाती है। यह सुविधा बेहद लाभदायक है।''

रनई निवासी किसान श्री राम लखन ने कहा, ''धान खरीदी केंद्र पर यह सेवा समय और श्रम दोनों की बचत करती है। इससे हमारा ध्यान अन्य जरूरी कार्यों पर लग पाता है''



## सरकार के प्रयासों से आत्मविश्वास बढ़ा

किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सरकार हमेशा किसानों के हित में निर्णय लेती है। इस साल 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ है।

## सुविधाओं से किसान संतुष्ट

धान उपार्जन केंद्रों पर उचित व्यवस्थाओं ने किसानों को और संतोषजनक अनुभव दिया है। सोनहत निवासी किसान श्री खरबंदा सिंह ने कहा, ''इस साल धान खरीदी प्रक्रिया काफी सुव्यवस्थित है। प्रशासन ने माइक्रो एटीएम सेवा देकर हमारी जिंदगी आसान बना दी है''

## प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी

जिला प्रशासन ने धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी है। माइक्रो एटीएम सेवा के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ किया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वे उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

# बैकुंठपुर में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई,30 क्विंटल धान जब्त

संवाददाता
बैकुंठपुर,27 नवम्बर 2024(घटती-घटना)। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने अवैध धान परिवहन, भण्डारण पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

26 नवम्बर को इसका असर देखने को मिला। सम्बंधित विभाग द्वारा अवैध धान भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बैकुंठपुर के डबरीपारा स्थित आयुष शिवहरे के गोदाम से 30 क्विंटल धान (75 कट्टे) जब्त किया गया। मंडी अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।निरीक्षण के दौरान गोदाम में स्टॉक पंजी संधारित नहीं पाया गया और धान का भंडारण अवैध रूप से किया जा रहा था। मंडी प्रशासन ने इसे मंडी अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए धान को जब्त कर लिया।जिला प्रशासन ने अवैध भंडारण और कालाबाजारी को रोकने के लिए नियमित जांच अभियान तेज कर दिए हैं। मंडी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध धान भंडारण की रोकथाम के लिए मंडी अधिनियम के तहत दंडात्मक प्रावधानों का पालन किया जाएगा। प्रशासन ने किसानों और व्यापारियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अवैध गतिविधियों से बचें।

# भारत को जीतना होगा ऑस्ट्रेलिया का मजबूत किला

### » एक ही बार टीम ने खाया है गच्चा

**नई दिल्ली,27 नवंबर 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब दूसरे टेस्ट की तैयारी शुरू हो चुकी है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 6 दिसंबर से खेला जाएगा, लेकिन ये शायद सबसे अहम होने वाला है। एडिलेड में होने वाला मुकाबला डे नाइट का होगा और ये पिंक बॉल से खेला जाएगा। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराना करीब करीब नामुमकिन सा होता है। दुनियाभर की कई टीमें इस मामले में ऑस्ट्रेलिया से पीछे हैं। हालांकि एक अद्भुत मुकाबले में टीम हारी भी है। क्या टीम इंडिया भी रोहित शर्मा की कप्तानी में ऐसा ही कारनामा कर पाएगी, ये देखना जरूर दिलचस्प होगा।



### एडिलेड में इससे पहले टीम इंडिया साल 2020 में खेली थी पिंक बॉल टेस्ट

एडिलेड का टेस्ट पिंक बॉल यानी गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया ने एक पिंक बॉल टेस्ट खेला था, उसमें भारतीय टीम को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। ये मुकाबला भी एडिलेड में ही खेला गया था। तब आपको याद होगा कि टीम इंडिया की पहली पूरी पारी केवल 36 रनों पर सिमट गई थी। भारत ने वापसी की कोशिश की, लेकिन इसके बाद भी उसे 8 विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसके बाद अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पिंक बॉल खेला जाएगा। भारत ने हालांकि अपने घर पर कई सारे पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं और जीत भी मिली है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया का किला फतेह करना अभी बाकी है।

### ऑस्ट्रेलिया ने 12 में से 11 पिंक बॉल टेस्ट अपनी धरती पर जीते हैं

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 12 पिंक बॉल टेस्ट अपनी धरती पर खेले हैं। इसमें से 11 में उसे जीत मिली है, वहीं एक मैच में हारी है। ये मुकाबला गाबा के ऐतिहासिक मैदान पर दिसंबर 2024 में यानी अब से करीब एक साल पहले खेला गया था। तब वेस्टइंडीज की टीम विजयी रही थी। उस मैच में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ ने कमाल का खेल दिखाया था। वेस्टइंडीज ने इस मैच को 8 रन के मामूली अंतर से जीतकर तहलका सा मचा दिया था। उसके बाद अब एक बार फिर से एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट हो रहा है। जिसका दुनियाभर के क्रिकेट फैंस को इंतजार है।

### डब्ल्यूटीसी के तहत होगा मुकाबला

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ये टेस्ट मुकाबला इसलिए भी अहम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहला मैच हार चुकी है और वो बदला लेने के लिए बेचैन होगी। एडिलेड में ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है और उसे वो बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम के लिए ये मुकाबला इसलिए अहम है, क्योंकि उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में अपनी टॉप की कुर्सी बनाए रखनी है, तभी उसे फाइनल में खेलने का मौका मिलेगा।



## एनएडीए ने बजरंग पूनिया को 4 साल के लिए किया निलंबित

**नई दिल्ली,27 नवंबर 2024।** हाल ही में राजनीति में कदम रखने वाले पहलवान बजरंग पूनिया को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने मंगलवार को बजरंग पूनिया को 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान डोप परीक्षण के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर चार साल के लिए निलंबित कर दिया।

## पाकिस्तान के अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली,27 नवंबर 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं और वे स्वदेश लौट जाएंगे।

दोनों की जगह तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी और ऑलराउंडर जहानदाद खान को शामिल किया गया है, जो गुरुवार को होने वाले सीरीज के निर्णायक मैच में चयन के लिए उपलब्ध होने के लिए बुलावायो पहुंचेंगे। ये दोनों टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं, जो 1, 3 और 5 दिसंबर को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी।

दोनों वनडे मैचों में खेलने के बाद, अनकैप्ड दानियाल की जगह आमिर जमाल को अगली टी20 सीरीज में



शामिल किया जाएगा। जिम्बाब्वे ने बारिश से प्रभावित पहले वनडे में डीएलएस पद्धति से 80 रन से जीत दर्ज की थी, इसके बाद पाकिस्तान ने दूसरे वनडे में दस विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने शानदार शतक लगाया और मेहमान टीम को 18.2 ओवर में 146 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की।

पीसीबी ने कहा कि दानियाल को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जबकि दहानी, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए अब तक दो वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं, को रविवार के प्रशिक्षण सत्र के दौरान बाएं टखने में चोट लगी। प्रारंभिक स्कैन और नैदानिक आकलन ने उनकी संबंधित चोटों की पुष्टि की, इस प्रकार उन्हें जिम्बाब्वे की यात्रा से बाहर कर दिया गया। पीसीबी ने आगे कहा, लाहौर लौटने पर, दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिपोर्ट करेंगे, जहां वे पुनर्वास से गुजरेंगे और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करेंगे।

पाकिस्तान टी20 टीम- सलमान अली आगा (कप्तान), आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान

## दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींची

**नोएडा,27 नवंबर 2024।** दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है। 30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमश- 7 और 5 अंक लिए।



दिल्ली के लिए आशू ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया। इस मैच के बाद दोनों टीमें क्रमश- छठे और सातवें स्थान पर ही बनी हुई हैं। दोनों टीमों ने शानदार शुरुआत की। पांच मिनट बाद पटना 6-5 से आगे थे। इसमें देवांक के चार और सुपर रेड के साथ आशू के तीन अंक शामिल है। इस बीच आशीष ने पहली रेड पर आए और अयान को लपक स्कोर 6-6 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर आशू का शिकार कर पटना को आगे कर दिया।

## न्यूजीलैंड के नाथन स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण करेंगे

**क्राइस्टचर्च,27 नवंबर 2024।** न्यूजीलैंड ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे, जबकि भारत में हाल ही में वाइटवॉश के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग को केन विलियम्सन के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है।

न्यूजीलैंड के कप्तान टिम लाथम ने भी पुष्टि की है कि पूर्व कप्तान केन विलियमसन पहले टेस्ट के लिए कमर की चोट से उबरकर वापसी करेंगे, जबकि पिछले महीने भारत में न्यूजीलैंड की हाल ही में 3-0 से वाइटवॉश के दौरान 244 रन बनाने वाले और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विल यंग को टीम से बाहर कर दिया गया है।



लाथम ने बुधवार को कहा, उन्होंने (यंग) भारत में शानदार प्रदर्शन किया और हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्य से यह यंगी के पिछले कुछ समय में किए गए प्रदर्शन से कहीं कम है। केन जैसे खिलाड़ी की वापसी से टीम को मजबूती मिलती है, क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। वह (यंग) एक बेहतरीन टीम मैन है और उसने निश्चित रूप से कुछ भी गलत नहीं किया है। यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं तो आपको कठिन निर्णय लेने होते हैं और इसका मतलब है कि आपकी टीम अच्छी स्थिति में है। यंगी के लिए दुखी हूं, लेकिन केन के वापस आने से उत्साहित हूं।

कीवी कप्तान ने स्मिथ को डेब्यू पर एक मजबूत छाप छोड़ने का भी समर्थन किया। क्राइस्टचर्च प्रतियोगिता में चौथे सीमर की भूमिका के लिए साथी तेज गेंदबाज जैकब डफी को हराकर गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपना पहला टेस्ट कैप जीता।

## एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहा हूं,उम्मीद है कि मजबूत वापसी करूंगा



**सिंगापुर,27 नवंबर 2024।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कहा कि उनका ध्यान एक समय में एक बाजी पर केंद्रित है और उन्हें उम्मीद है कि वह शतरंज विश्व चैम्पियनशिप में जल्द ही मजबूत वापसी करेंगे। चेन्नई के इस 18 साल के खिलाड़ी का लक्ष्य डिंग लिरेन को पछाड़कर शतरंज में सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनना है। गुकेश ने मंगलवार को यहां काले मोहरों से खेलते हुए चीन के खिलाड़ी खिलाफ दूसरी बाजी ड्रा कराकर वापसी की। इससे पहले सोमवार को लिरेन ने सफेद मोहरों से खेल रहे भारतीय खिलाड़ी की गलती का फायदा उठाकर शुरुआती मुकाबले को अपने नाम किया था

## लेवांडोव्स्की का 100 वां गोल

### बार्सा ने ब्रेस्ट को आसानी से हराया

**बार्सिलोना,27 नवंबर 2024।** एफसी बार्सिलोना के स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यूईएफए चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल किया, क्योंकि उन्होंने ब्रेस्ट पर अपनी टीम की 3-0 की जीत में स्कोरिंग की शुरुआत की।

ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिज़ोट की गलती के बाद लेवांडोव्स्की ने 10वें मिनट में पेनल्टी के साथ बार्सिलोना को आगे कर दिया, जिन्होंने स्ट्राइकर की पीठ पर हमला किया और उसे गिरा दिया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह लेवांडोव्स्की का चैंपियंस लीग में छठा गोल था, साथ ही यह उनका 100वां गोल भी था।

स्टैंड से लैमिन यामल की मौजूदगी में, बार्सिलोना ने पहले हाफ पर नियंत्रण बनाए रखा, जिसमें फ़र्मिन लोपेज़ ने एक और मौके पर गोल करने से पहले राफिन्हा की सहायता के बाद गोल करने का मौका गंवा दिया।

इसके बाद राफिन्हा की बारी आई, क्योंकि गेंद लंबे बिल्डअप के बाद उनके पास पहुंची लेकिन उनके शॉट को डिफलेक्ट कर दिया गया जिससे बार्सा को कॉर्नर मिला।



बार्सा पूरी तरह से नियंत्रण में था, गेंद लगभग लगातार ब्रेस्ट के हाफ में थी, जिससे बिज़ोट ने मार्क कैसाडो क्रॉस से लोपेज़ के शक्तिशाली हेडर को विफल करने के लिए एक बेहतरीन बचाव के साथ अपनी पिछली गलती को सुधारने का मौका दिया।

दूसरे हाफ में स्क्रिप्ट में थोड़ा बदलाव हुआ, राफिन्हा और डैनी ओल्मो ने शॉट को ब्लॉक किया, इससे पहले बिज़ोट ने फिर से लोपेज़ को निराश किया, जिन्हें लेवांडोव्स्की की चतुर बैक-हील ने शूट करने के लिए जगह दी।

डैनी ओल्मो ने आखिरकार 66 वें मिनट में बार्सिलोना को दो गोल की बढ़त दिलाई, जब उन्होंने लेफ्ट बैक जेरार्ड मार्टिन से पास लिया, ब्रेंडन चार्डोनेट को हराया और एक शॉट के साथ गोल किया जो निकट पोस्ट में गया।

मैथियस परेरा लेज ने घड़ी पर 15 मिनट शेष रहते हुए आगंतुक के लिए गेंद को नेट में डाला, लेकिन इसे स्पष्ट ऑफसाइड के लिए खारिज कर दिया गया।

पाब्लो टोरे ने ब्रेस्ट डिफेंस में एक वाइल्ड पास को रोकने के बाद बार्सा के लिए शॉट वाइड मारा, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि लेवांडोव्स्की ने 92वें मिनट में एलेजांद्रो बाल्डे के पास को नियंत्रित करने और स्कोर करने के लिए दूर पोस्ट पर जगह बनाने के बाद टूर्नामेंट में अपना 101वां गोल किया।

## अनन्या पांडे ने कहा,आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप के बाद रिश्ते में समझौता नहीं करेंगी





अभिनेत्री अनन्या पांडे जिन्होंने कथित तौर पर मार्च में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ ब्रेकअप कर लिया था, ने खुलासा किया है कि वह अब किसी भी रिश्ते में समझौता नहीं करेंगी और रोमांस के बारे में अपने विचार साझा किए। अनन्या राज शमनी के साथ उनके पॉडकास्ट पर बातचीत कर रही थीं, जहां होस्ट ने अभिनेत्री से पूछा कि क्या वह किसी ऐसे रिश्ते में रही हैं, जहां उन्होंने खुद के साथ समझौता किया हो। ÷हम सभी ने ऐसा किया है। मैंने देखा है कि लोग ऐसे रहे हैं। मैं भी रही हूं। मुझे यकीन है कि मैंने खुद को बहुत बदला है, लेकिन इस हद तक नहीं कि इतना कुछ बुरा हुआ हो। मुझे एहसास हुआ है कि हां शायद मैं खुद नहीं रही हूं, इसलिए यह मेरे लिए सबसे अच्छी स्थिति नहीं है,÷ अनन्या ने कहा। होस्ट ने पूछा कि उसने अपने बारे में क्या बदला है और पीछे मुड़कर देखने पर उसे क्या एहसास हुआ, जिसके जवाब में उसने कहा- ÷मेरी पसंद और नापसंद। जैसे कि मैं छोटी होने का दिखावा करूँगी कि मुझे ये फ़िल्में देखनी हैं और मैं सिर्फ़ वही करूँगी जो मेरे साथी को पसंद है, जैसे कि मैं सिर्फ़ इस तरह का खाना खाऊँगी, सिर्फ़ इस तरह की जगहों पर जाऊँगी, मैं बाहर नहीं जाऊँगी क्योंकि मेरे साथी को घर पर रहना पसंद है।अनन्या ने कहा कि उसने ऐसा किया है। लेकिन अब मैं ऐसा नहीं करूँगी। अब मैं चाहती हूँ कि मेरा साथी मुझे वैसे ही स्वीकार करे जैसे मैं हूँ, वैसे ही मैं अपने साथी को वैसे ही स्वीकार करूँगी जैसे वे हैं। रोमांस के बारे में अपने विचार के बारे में बात करते हुए, उसने कहा मेरे लिए रोमांस का विचार वह है जो मेरी बात सुनता है.. छोटी-छोटी बातों को याद रखना और बस सुनना। मैं हमेशा समाधान नहीं चाहती। कभी-कभी मैं चाहती हूँ कि मेरा साथी मेरी बात सुने।




## द-बंग द टूरः रिलॉडेड से धमाल मचाने को तैयार सलमान खान

सलमान खान अपने एंटरटेनिंग द-बंग द टूरः रिलॉडेड से एक बार फिर धमाका करने जा रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में अपने द-बंग द टूरः रिलॉडेड का एलान किया था और अब इसका एक प्रोमो सामने आया है। सलमान खान ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर द-बंग द टूरः रिलॉडेड का एक वीडियो शेयर किया है। द-बंग द टूरः रिलॉडेड दुबई के हार्बर मरीना में होगा। सलमान खान ने अपने इस टूर की एक झलक भी शेयर की है.सलमा खान ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, दुबई तैयार हो जाओ द-बंग द टूरः रिलॉडेड 7 दिसंबर से आपके पास आ रहा है। बता दें, सलमान खान के साथ इस बार सोनाक्षी सिन्हा, तमन्ना भाटिया, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडिज, प्रभु देवा, मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर, जॉर्डी पटेल और सिंगर आस्था गिल भी नजर आएंगी। वहीं, सलमान खान ने द-बंग द टूर। रिलॉडेड का जो प्रोमो शेयर किया है, उसमें सलमान खान ने बिग बॉस 18 के स्टेज पर दिख रहे हैं। साथ ही सलमान खान अपने द-बंग द टूरः रिलॉडेड के बारे में जानकारी दे रहे हैं। साथ ही सलमान खान ने बताया है कि उनके द-बंग द टूरः रिलॉडेड की टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। बता दें, सलमान खान ने बिश्नोई गैंग से लगातार मिल रही धमकी के बीच अपने द-बंग द टूरः रिलॉडेड का एलान किया था और तब से फैंस को उनकी तारीख का इंतजार था। वहीं, सलमान खान के कड़ी सिक्योरिटी के बीच हैं और वो इन दिनों सुरक्षा के घेरे में बिग बॉस 18 को होस्ट कर रहे हैं। इसके साथ ही सलमान खान ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर से भी चर्चा में हैं और सिकंदर की शूटिंग सेट पर भी सलमान खान को टाइट सिक्योरिटी में रखा गया है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है।

## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन निक्की तंबोली ने शेयर किया ग्लैम लुक

बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेश अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइल स्टेटमेंट देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान येलो कलर की इंडो-वेस्टर्न लुक में आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही खूबसूरती से निखारा है। साथ ही उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल उनके इस लुक पर चार चांद लगा रही है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं निक्की तंबोली बलखाती हुई कमर कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फोटोज क्लिक करवा रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज को पोस्ट हुए भी अभी कुछ ही घंटे हुए हैं और एक लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक्स कर दिए हैं।



CMYK

# छत्तीसगढ़ में निशाने पर बड़े नक्सली

» बस्तर में नक्सल अभियान में मिली सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता।

» 207 के शव अब तक मिले, इनमें 5 25-25 लाख के इनामी नक्सली।

» 77 नक्सली ढेर किए गए मिलिट्री फार्मेशन के कमांडर सहित

**जगदलपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** बस्तर में इस वर्ष नक्सलियों को लगातार मात खानी पड़ी है। बस्तर के नक्सल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब सुरक्षा बल के निशाने पर बड़े नक्सली आए। अब तक 8.84 करोड़ के इनामी नक्सलियों के शव बरामद हो चुके है।इनमें दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) के 25-25 लाख रुपये के इनामी पांच नक्सली भी शामिल है। इसी तरह 14 डिविजनल कमेटी सदस्य स्तर के नक्सलियों को ढेर किया गया है। मिलिट्री फार्मेशन के कमांडर सहित 77 नक्सलियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है।



## अब तक 207 नक्सलियों के शव किए बरामद

पुलिस ने 207 नक्सलियों के शव बरामद भी किए है। नक्सलियों ने भी स्वीकारा है कि सुरक्षा बल के प्रभावी अभियानों ने नक्सल संगठन को नुकसान पहुंचाया है। सरकार की 'नियद नेल्ला नार' योजना से हुए विकास कार्यों का प्रभाव पड़ा है। बता दें कि चार अक्टूबर को नारायणपुर में बड़ी नक्सली नीति, कंपनी कमांडर नंदू मंडावी, डीवीसीएम सुरेश, मीना, महेश सहित 38 नक्सली को ढेर किया ।

### मुठभेड़ में ढेर किया

पुलिस के अनुसार अब तक 90 से अधिक अभियानों में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य रणधीर, नीति, रुपेश को मार गिराने के अलावा डिविजनल कमेटी स्तर के नक्सली विनोद, नागेश, सागर, संगीता, लक्ष्मी, जोगा सहित 56 शीर्ष नक्सली नेता व मिलिट्री फार्मेशन के नक्सलियों को भी मुठभेड़ में ढेर किया गया है।

# भाजपा ने शुरू की नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी

## एक दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में बड़ी बैठक

**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** विधानसभा के बाद लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत के बाद छत्तीसगढ़ बीजेपी अब नगरीय निकाय पंचायत चुनाव जीतने की तैयारी में जुट चुकी है। भाजपा के नेताओं का दावा है कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में तीसरा इंजन जुड़ जाएगा । इस पर कांग्रेस ने तंज कसा है कि भाजपा का इंजन फेल हो गया है।

छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में अपना परचम लहराने के लिए रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव इसको लेकर 1 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेने




वाले हैं। इस बैठक में नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन, चुनाव के मुद्दे, बूथ मैनेटमेंट सहित कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने डबल इंजन की सरकार बनाकर उसके फायदे देख लिया है। उन्हें पूरा भरोसा है कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा और साय सरकार पर भरोसा जताएगी। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में एक और इंजन जुड़ जाएगा इसके बाद छत्तीसगढ़ में तीन गुना विकास होगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम से होगा चुनाव तो कांग्रेस नहीं लड़ेगी



**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम से चुनाव होंगे तो कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी। अगर ईवीएम से चुनाव होंगे तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से छेड़छाड़ की संभावना के चलते बैलेट पेपर से वोटिंग कराए जाने की याचिका खारिज कर दिया गया है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तबादला



**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सहायक संचालक और सहायक वर्ग.2,सहायक वर्ग.3 के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इस तबादले में तकरीबन 10 अधिकारियों को नई पोस्टिंग मिली है। जारी आदेश के मुताबिक सहायक संचालक दिग्विजय दास महंत को कार्यालय उप संचालक पंचायत, जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, जुली तिर्की को कार्यालय उप संचालक, पंचायत, जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ का प्रभार सौंपा गया है।इसी तरह भूमिका देसाई को बेमेतरा, गीत सिन्हा को सहायक संचालक, जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (उप संचालक पदस्थ किया गया है। हिमांशु साहू, सहायक संचालक जिला-रायगढ़ को कार्यालय उप पंचायत, जिला बीजापुर भेजा गया है।

### शिव प्रकाश होंगे छत्तीसगढ़ के अगले चुनाव प्रभारी



**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** भाजपा ने अपने संगठन चुनाव के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को छत्तीसगढ़ मप्र के संयुक्त रूप से पर्यवेक्षक होंगे। वे इस समय दोनों राज्यों के संगठन प्रभारी भी हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक, प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में भूमिका निभाएंगे।

# कैदियों के बीच बढ़ती हिंसा की घटनाओं पर सख्त हुआ हाईकोर्ट

» जेल डीजी मांगा जवाब

**बिलासपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जेल में कैदियों के बीच हो रहे लड़ाई-झगड़ों के मामलों को गंभीरता से लिया है और इस मामले की सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने इस विषय पर डीजी जेल को नोटिस जारी कर शपथ पत्र में जवाब पेश करने निर्देश दिया है। साथ ही जेल में सुरक्षा व्यवस्था सहित आतंरिक सुरक्षा व्यवस्था के विषय में खास तौर पर जानकारी मांगी है।

प्रदेश में जेल के अंदर कैदियों में हो रहे संघर्ष के कई मामले सामने आये है। लगातार इस तरह की खबरे मीडिया में आने के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए



स्वतः संज्ञान लिया है और जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू कर दी है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एके प्रसाद के बेंच में हुई।

कोर्ट ने पहले प्रदेश के जेलों के निर्माण और कैदियों की संख्या की स्थिति को लेकर जानकारी मांगी थी। जिसका जवाब पेश किया गया। इसमें जेल के निर्माण में देरी का कारण बताया गया। इस पर कोर्ट ने जल्द ही कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। वहीं जेल में कैदियों के बीच संघर्ष के मामले में कोर्ट ने डीजी जेल से शपथ पत्र में जवाब मांगा है।

जेलों के विषय में दी गई जानकारी कोर्ट के द्वारा पूर्व में मांगी गई जानकारी को डीजी जेल ने प्रस्तुत किया। इसमें पुलिस महानिदेशक जेल ने हलफनामा पेश किया। जिसमें बताया गया कि 2018 और वर्तमान स्थिति में जिलों के निर्माण और कैदियों की संख्या का विवरण दिया गया। इसमें यह बताया गया कि वर्तमान में 33 नए बैरक 8 जेलों में निर्माणाधीन हैं। जिसकी क्षमता 1650 होगी। वहीं बेमेतरा में 2000 कैदियों के लिए ओपन जेल बनाए जाने की बात बताई। इस बात की भी जानकारी दी गई कि रायपुर में 4000 क्षमता वाला स्पेशल जेल और बिलासपुर में 1500 क्षमता वाला स्पेशल जेल बनाया जाना है।

# छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज की बढ़ी सुरक्षा

## पाकिस्तान से आई धमकी के बाद सरकार का फैसला

**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज का मस्जिदों में नमाज के बाद तकरीर को लेकर लिए गए निर्णय के बाद पाकिस्तान से लगातार मिल रही धमकियों के बाद सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को मिली धमकियों को दुर्भाग्यपूर्ण बताते कहा कि उनका प्रयास सुचिता और शुद्धता के लिए है। सलीम राज की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को जम्मू-कश्मीर, केरल के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान से मोबाइल कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वक्फ बोर्ड ने राज्य में नमाज के पहले दी जाने वाली तकरीर को लेकर एक नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत तकरीर में सिर्फ और सिर्फ धार्मिक बातें ही होंगी। नियम



को लागू करने की खबर के बाद बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को अब धमकियां मिलने लगी हैं। लगातार मिल रही धमकियों की शिकायत के बाद आज़ाद चौक थाने में बीएनएस की धारा 296, 351-3, 351-4 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने बताया कि वक्फ बोर्ड द्वारा तकरीर को लेकर लिए गए निर्णय के बाद ओवैसी और हुर्रियत कांफ्रेंस ने एक बयान जारी किया था। इसके बाद से उन्हें मोबाइल पर धमकियां मिलने लगी हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर अफगानिस्तान, पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर एवं केरल से भी धमकियां मिली हैं।



# छत्तीसगढ़ पीएससी के लिए 246 पदों पर इस दिन परीक्षा

**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** सीजीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2024-25 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 17 सेवाओं के लिए कुल 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। 9 फरवरी को प्रारंभिक परीक्षा:प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को होगी। पहली पाली में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी।

## प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन

सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 1 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 30 दिसंबर रात 11 बजकर 59 मिनट तक आवेदन किया जा सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.पीएससी.सीजी.जीओव्ही.आईएन पर उपलब्ध लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में गलती सुधार करने का काम आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के बाद 31 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 2 जनवरी रात 11 बजकर 59 मिनट तक किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन में किसी भी तरह की गलती सिर्फ एक बार ही सुधारी जा सकेगी। मुख्य परीक्षा की संभावित तारीखः प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा की तिथि अभी घोषत नहीं है लेकिन सीजीपीएससी वेबसाइट के अनुसार मुख्य परीक्षा जून में हो सकती है। जून में 26, 27, 28, 29 जून को मुख्य परीक्षा हो सकती है।

सीजीपीएससी 2024-25 के लिए आवेदन सिर्फ ऑनलाइन और निर्धारित तिथि तक ही स्वीकार किए जाएंगे. किसी भी तरह का मैन्युल या पोस्ट के जरिए भेजा गया आवेदन राज्य सेवा आयोग की तरफ से स्वीकार नहीं किया जाएगा.

# छत्तीसगढ़ में आरक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

» पुलिस के बच्चों को छूट देने संबंधी पत्र के बाद फंसा मामला

**बिलासपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षक संवर्ग 2023- 24 के अलग अलग पदों पर होने वाली भर्ती पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इस प्रक्रिया के तहत राज्यभर में अलग अलग पदों पर आरक्षकों की भर्ती होनी थी। जस्टिस राकेश मोहन पांडे की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद आरक्षक भर्ती पर रोक लगाई।

आरक्षक भर्ती पर रोक क्यों याचिकाकर्ता बेदराम टंडन ने आरक्षक भर्ती के मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें बताया गया कि याचिकाकर्ता के बेटे ने राजनांदगांव में होने वाले



कॉन्स्टेबल जीडी के लिए आवेदन दिया था। राजनांदगांव जिले में इस केटेगरी के तहत 143 पद जारी किए गए थे। लेकिन विज्ञापन जारी होने और फॉर्म भरने के बाद डीजी पुलिस ने सचिव को इस नियुक्ति प्रक्रिया में पुलिस विभाग में कार्यरत और ईएक्स सर्विसमैन कर्मचारियों के बच्चों को छूट देने संबंधी पत्र लिखा। पत्र में सुझाव देते हुए लिखा गया था कि भर्ती नियम 2007 कंडिका 9(5) के तहत पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए भर्ती प्रक्रिया के मापदंडों को शिथिल किया जा सकता है. जिसमें फिजिकल टेस्ट के दौरान सीने की चौड़ाई और ऊंचाई जैसे कुल 9 पॉइंट्स शामिल थे। अवर सचिव ने इस सुझाव को स्वीकार भी कर लिया।

याचिकाकर्ता ने भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की जिसके बाद याचिकाकर्ता ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में कहा की, केवल अपने विभाग के कर्मचारियों को छूट देना साफ तौर पर आम लोगों के साथ भेदभाव है। इसलिए इस भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। वकील ने कहा कि नियमों को शिथिल करने का लाभ सभी पदों पर मिलता इसलिए सभी पदों पर होने वाली भर्ती पर रोक लगनी चाहिए. मामले में वकील की ओर से पेश दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आरक्षक संवर्ग 2023-24 के अलग अलग पदों पर होने वाली भर्तियों पर रोक लगा दी।

आरक्षक भर्ती के लिए शारिरिक मापदंडः शारीरिक दक्षता की परीक्षा के 5 इवेंट 100 अंक के होंगे, इसमें पुरुष वर्ग में लंबी कूद के लिए 5 मीटर 50 सेमी या उससे अधिक के लिए 20 अंक दिए जाएंगे। वहीं महिला वर्ग में लंबी कूद के लिए 4 मीटर 25 सेमी या उससे अधिक के लिए 20 अंक दिए जाएंगे। इसी तरह ऊंची कूद पुरुष वर्ग में 1 मीटर 50 सेमी तक या उससे अधिक और महिला वर्ग में 1 मीटर 20 सेमी या अधिक में 20 अंक है। गोला फेंक में पुरुष वर्ग 9 मीटर या अधिक, महिला वर्ग 8 मीटर और अधिक में 20 अंक मिलेंगे। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में 12 सेकेंड या कम, महिला वर्ग में 14 सेकेंड या कम में 20 अंक मिलेंगे. 800 मीटर की दौड़ पुरुष वर्ग में 2 मिनट तक, महिला वर्ग में 2 मिनट 30 सेकेंड तक 20 अंक दिए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में हुईअनोखी सगाई

» सड़क हादसे में पिता की हुई थी मौत...

» सगाई में युवा जो ने एक दूसरे को पहनाया हेलमेट...

» कहा...बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें

**डोंगरगढ़,27 नवम्बर 2024 (ए)।** सड़क हादसों को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की दिशा में आज समाज के कई युवा अलग-अलग तरीकों से योगदान दे रहे हैं. कोई सड़क पर रेडियम पॉइंट लगा रहा तो कोई घायल जानवरों की जान बचा रहा है. कोई फ्री एंबुलेंस सेवा देता है तो कोई मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था करता है. इसी कड़ी में एक अनोखी पहल देखने को मिली है, जब एक सगाई समारोह के दौरान एक युवा जोड़े ने रिंग पहनाने के साथ ही एक दूसरे को



हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया. जारवाही तहसील डोंगरगढ़ निवासी बीरेंद्र साहू ग्राम पंचायत भानपुरी में सचिव के पद पर कार्यरत हैं. उनकी सगाई ज्योति साहू डोंगरगांव करियाटोला निवासी से हुई. सगाई के दौरान दोनों ने रिंग पहनने की परंपरा के साथ हेलमेट पहनाने की अनूठी रस्म भी निभाई, जिसे देखकर लोगों ने इस जोड़े की जमकर तारीफ की. समारोह में बीरेंद्र और ज्योति ने परिवार और समाज के समक्ष हाथ जोड़कर निवेदन किया कि ÷बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें. इस अनोखी पहल ने न केवल सगाई समारोह को यादगार बना दिया, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश भी दिया.बीरेंद्र के बड़े भाई धर्मेंद्र साहू को हेलमेट संगवारी के नाम से जाना जाता है. उन्होंने इस अभियान की शुरुआत अपने पिता की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद की. धर्मेंद्र बताते हैं कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण हादसे में उनके के सिर पर गंभीर चोट लगी थी. तभी से उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रण लिया. धर्मेंद्र ने अब तक 1,000 से अधिक हेलमेट लोगों को दान किए हैं और नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन करते हैं. उनकी इस पहल में पूरा परिवार सहयोग कर रहा है, जिसमें उनकी पत्नी त्रिवेणी, भाई बीरेंद्र, बहू सरिता और मां कुमारी साहू शामिल हैं.धर्मेंद्र की इस अनोखी पहल की न केवल स्थानीय प्रशासन, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों ने भी सराहना की है. डोंगरगांव के मीडिया साथियों ने उन्हें हेलमेट संगवारी का नाम दिया है, जो अब सड़क सुरक्षा का एक प्रतीक बन चुका है. सगाई में रिंग के साथ हेलमेट पहनाने की यह पहल उन सभी के लिए प्रेरणा है, जो सड़क सुरक्षा को हल्के में लेते हैं. बीरेंद्र और ज्योति की इस अनूठी सगाई ने समाज में यह संदेश गूंजा दिया है कि अपनी और अपनों की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना आवश्यक है.

# रेंजर को तेलीबांधा पुलिस ने किया गिरफ्तार




**रायपुर,27 नवम्बर 2024 (ए)।** सोशल मीडिया में दोस्ती करना राजधानी की असिस्टेंट प्रोफेसर को महंगा पड़ गया। कोरबा निवासी आरोपी रेंजर ने पहले असिस्टेंट प्रोफेसर को अपने प्यार के जाल में फंसाया, फिर शहर के एक होटल में बुलाकर वहां उसके साथ संबंध बनाया। इतना ही नहीं युवती जब गर्भवती हुई तो आरोपी ने शादी करने से मना कर उसका गर्भपात करा दिया। इस बात से दुखी पीड़िता ने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रेंजर विजयंत तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)